
धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 15 सितंबर 2024 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 158 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# केंद्र ने माना संथाल के जमीन विवाद में बंग्लादेशी घुसपैठियों का जुड़ाव नहीं: महासभा

संवाददाता। रांची

झारखंड जनाधिकार महासभा ने एक प्रेस बयान जारी कर दावा किया है कि केंद्र सरकार ने इस बात को मान लिया है कि संथाल परगना में जो जमीन विवाद का मामला है, उसका बंग्लादेशी घुसपैठियों से कोई जुड़ाव नहीं है. जिस मामले में हलफनामा दाखिल कर केंद्र सरकार ने यह बात कहा है, वह मामला भाजपा कार्यकर्ता द्वारा दाखिल पीआईएल है, जिसमें दावा किया गया था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों से शादी कर जमीन लूटी जा रही है व घुसपैठ हो रही है.

जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि हाल के दिनों में भाजपा लगातार प्रचार कर रही है कि संथाल परगना में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं जो आदिवासियों की जमीन हथिया रहे है, आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है. भाजपा ने क्षेत्र में कई हिंसा व जमीन विवाद की घटनाओं को भाजपा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ जोड़ा. महासभा की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने पिछले दिनों संथाल का दौरा करके वही बात कहा था, जो केंद्र के हलफनामे में है. केंद्र ने यह भी कहा है कि पश्चिम बंगाल से सटे पाकुड़ व साहिबगंज से घुसपैठ की आशंका है, लेकिन कोई प्रमाण नहीं दिया है.

**केंद्र ने की आंकड़ों की गलत व्याख्या :** महासभा ने आगे कहा है कि केंद्र सरकार ने आंकड़ों की गलत व्याख्या की है. हलफनामे में कहा गया है कि संथाल परगना में हिंदुओं की संख्या में गिरावट हुई है. 1951 में क्षेत्र की कुल जनसंख्या 23.22 लाख थी, जिसमें हिंदुओं की आबादी 90.37 प्रतिशत थी, मुसलमानों की 9.43 प्रतिशत व ईसाईयों की 0.18%. आदिवासी 44.67 प्रतिशत थे. यह कहा गया है कि 2011 में हिन्दुओं की जनसंख्या 67.95 प्रतिशत हो गया. जबकि तथ्य यह है कि 1951 की जनगणना में केवल छह धर्म कोड में की गयी थी (हिंदू, इस्लाम, सिख, ईसाई, जैन व बुद्धिस्ट). आदिवासियों को हिंदू में ही डाल दिया गया था. जबकि 2011 में अनेक आदिवासियों ने अपने को 'अन्य/सरना' में लिखित रूप में दर्ज किया था.

### 1951 से 91 के बीच कम हुई जनसंख्या

आंकड़ों के अनुसार 1951 से 2011 के बीच हिन्दुओं की आबादी 24 लाख बढ़ी है, मुसलमानों की 13 .6 लाख और आदिवासियों की 8 .7 लाख. आदिवासियों का अनुपात 46 .8 प्रतिशत से घटकर 28 .11 प्रतिशत हुआ है, मुसलमानों का अनुपात 9 .44 प्रतिशत से बढ़कर 22 .73 प्रतिशत व हिंदू 43 .5 प्रतिशथ से बढ़कर 49 प्रतिशत हुए हैं. आदिवासियों की संख्या में गिरावट 1951-91 के बीच हुई है. महासभा ने राज्य सरकार से मांग की है कि किसी भी नेता या सामाजिक-राजनैतिक संगठन द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठिये, लैंड जिहाद, लव जिहाद जैसे शब्दों का प्रयोग कर साम्प्रदायिकता फैलाने की कोशिश होती है, तो उनके विरुद्ध न्यायसंगत कार्यवाई हो.

# ऐ ललबबुओ... मिस कॉल मारले बाड़ा, टिकट ला फीस देला कि ना हो

संजय सिंह

कोईला नगरी में एगो ललबबुआ हैं. कोईला से ढेरे कमाईया कईले हैं. एगो कोईला कंपनी के अफसर लोग के भी ढेरे माल खपाईले-पचाईले रहे हैं ललबबुआ महोदय. ललबबुआ नाम है, तो ई मत समझिएगा कि ई कोनो भकड़मल्लू हैं. भारी रंगबाज हैं. इनके एगो छोटे भाईयो साहिब हैं, ऊ तो औरो रंगबाज हैं. बात-बात में केकरो गरिया देना, केकरो धर के धुन देना ई दुनु भाई लोग के लिए आसान बात हुआ करता था, है... अउरो आगे भी रहबे करेगा. एकरो लोग गांरटी लेले कोयला नगरिया में घूमइत रहता है. अब ललबबुआ जी करिया कोइलवा के करिया-करिया धंधवा से ढेरे माल बटोर लीहिन, तो चाले-ढाल बदल गईस हैं. गीतो गावे लगे हैं, माल है चो चाल है, वर्ना सब कंगाल है. ललबबुआ जी रंगबाजी टाइट रखेला कोइला नगरिया के नेताजी लोगिन के मैनेज

**चुनावी चकल्लस**



कईले रहते थे. मालो-पानी सप्रेम भेंट किया करते थे. लेकिन एगो बाघ मारे वाले जगह के नेताजी केस-मुकदमा, रंगबाजी जईसन ढेरे-ढेरे केस मुकदमवा में फंसे के बावजूद कोइलवा से ढेरे कमाइया कर लीहिन, तो कमल ब्रांड क्लीनिंग पाउडर से धोलाइला के बाद दिल्ली दरबार तक पहुंच गईन. उनका देखादेखी अब ललबबुआ जी के नेतई के सुर धर लीहिस है. आजकल ललबबुआ जी के बोली-वाणी में से रस चुए लगल है. उनके लघु भाई पर अब तनिको शंका करे के जरूरत न रह गईल. उनको बोली में रसगुल्ला टपके लगल हैं. किसी से भी दुनु भाई मेल-मिलाप करते हैं, तो अइसन बतियावे लगते हैं, जईसन लोगबाग अपन मेहरारू से मीठी-मीठी बतियाता है. आजकल ललबबुआ जी के नेतई करेवाला पिलुवा काट ले ले है. बबुआ जी के नेतई पिलुआ काटले है तो का हुआ, उनके ते आगे-आगे सबकुछ लाले लाल दिखाई देले हैं. अब बबुआ लला जी में छिछियाईनी ढुकल है. जा झार के झरिया से लेकेकोइला नगरिया में आजकल जेने-तेने छिछिआईले रहते हैं. कूब आत्मियता से लोगन से मिलते रहते हैं, कउनो चीज के दरकार होने पर फोनवो करेला बोले लगे हैं है. साइकिल से कोई गिर हाथ-पैर छिलवा लीहिस, तो बबुआ लाल झट से पहुंच जाते हैं. दरअसल बबुआ लाल जी रंगबाजी में पीएचडी के डिग्री हथियाइले रहले, अब तनिका अपन इमेजवा में सुधार कर रहल बाडें. राजनीतिक पिलुववा के चलते. ललबबुआ जी आजकल कमल ब्रांड क्लीनिंग पाउडर लगाइले तनिका साफ-सुथरा दिखे के कोशिश में लगल हैं. जब कमल ब्रांड एगो नेताजी से पूछल गिया कि का हो ई बबुआ लाले लाल जी पार्टिया में कब घुसियाइल बाड़ें... तो नेताजी कहिन-अब का कहल जाओ. अब तो मिस कॉल मारे के बा, मिल गईल सदस्यता. केहुं ईहो न पूछे ला कि मिस कॉल मारत बाड़ा, फीस देब... का हो. बबुआ लाल जी अब मिस कॉल मार के मेंबर बन गईल बाड़ें, तो टिकट लगी हंफनी धईले बा. बबुआ लगे ढेरे माल बा, तो लड़िकन आगे-पीछे मंडराईल बाड़ें. कुछुओ भेंटा जाओ, आखिर थोड़े देर जिंदबाद कईला पे माल ठीके-ठाक भेंटा जाता तो हरजा का बा. अब बबुआ लाल जी जा जारके झरिया से कोईल नगरिया से कमल ब्रांड क्लीनिंग पाउडरवा के एजेंसी लगी तड़पड़ाईल बाड़ें. कमल ब्रांड रायशुमारी में ढेरे लग्गू-भग्गू लोगन के साथे पहुंच गईलें. तो ऑरिजनल कमल ब्रांड वाला लोग खिसिया गईल. कहे लागल लोग कि झंड़ा ढोईं हमनी के, टिकट हबके ला अवतरित हो गईले ई बबुआ जी. ई सब न चली. लेकिन ललबबुआ अंकल कुछ कमल ब्रांड लोगन के फंसाईले बांड़ें, ताकि चुनावी समर में किस्मत आजमावे के मौका मिल जाए. वईसे ई बबुआ लाल जी के आउर उनके छोट जना के करतूत से पूरा कोईला नगरिया वाकिफ बिया. रंगबाजी के मामला हो या ठाईं-ठाईं के मामला हो, ई बबुआ लाल जी के कोई मुकाबला नईखे. कोइला नगरी के लोग कहेला कि बबुआ लाल जी तो एक बेर जांच करेवाली बड़की एजेंसियों के अफसरो लोग पर ठाईं-ठाई करवा देले रहें. बबुआ लाल तो लाल बबुआ बड़ले बाड़ें, लेकिन इनकर छोट जना अउर बड़का कलाकार बाड़े. एक बेर खाकी वाला लोग धई लेलस, मीडिया के सामने ले गईल तो मीडिया वाला लोग फोटो खींचे लागल...तो छोटकी जनी जौन करिश्मा कईलें, ऊ रऊवा सभे जान जाइब तो रउवा सबे के लाज लागे. फोटो खिचाईल से एतना खिसियाईले छोटकू जना कि अफसर से लेके मीडिया नाला लोग सामने की पाइंट-शर्ट खोल के इंटरनेशनल (नंगा) हो गईलें. ए घरी ऊ छोट जनी के भी भइया जी लगी मीठी-मीठी बोल वचन निकले लगल बा. अब देखे के ईहे बा कि बबुआ जी के कमल ब्रांड क्लीनिंग पाउडर लगाईला पर क्लीयरिंस सर्टिफिकेट मिल जाता कि बबुआ जी अकेले टपरा गाईले घूमत रह जईहें.

## राज्य सेवा के नौ अफसरों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के नौ अफसरों का तबादला कर दिया है. कार्मिक विभाग ने शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| जुल्फिकार अली | संयुक्त सचिव, नगर विकास |
| जावेद अनवर इदरीसी | संयुक्त सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग |
| अनंत कुमार | उप सचिव, स्वास्थ्य, |
| विभूति मंडल | क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दुमका |
| विशालदीप खलखो | उप सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी |
| मिनाक्षी भगत | अवर सचिव, परिवहन विभाग |
| राजीव कुमार | अनुममंडल पदाधिकारी, मधुपुर |
| सीगा दीपिका टोप्पो | उप निदेशक, एटीआइ |
| चंद्रजीत सिंह | कार्यपालक दंडाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम |

## बाउरी ने कहा- सरकार 50 लाख रु मुआवजा दे

**रांची।** उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ में जमशेदपुर के एक और युवा की मौत पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार पर निशाना साधा है. बाउरी ने सरकार से उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है. बाउरी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि "उत्पाद सिपाही दौड़ : एक और मौत ... हेमंत सरकार के तुगलकी फरमान की बलि एक और युवा चढ़ा : "मौत की दौड़". उत्पाद सिपाही बहाली में भाग ले रहे एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई है. मृत अभ्यर्थी जमशेदपुर के बर्मामाइंस के रहनेवाले मुरामुल्ला सूर्या की मौत रिम्स में इलाज के दौरान हुई है. भाजपा अपनी मांगों को एक बार पुनः दोहराती है : मृतक के परिजनों को 50 लख रुपये की राशि दी जाए और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए.

## जोहार पार्टी झारखंड की तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**रांची।** जोहार पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी.भारत निर्वाचन आयोग ने जोहार पार्टी को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए ऑटोरिक्शा (टेंपो) छाप चुनाव चिह्न आबंटित किया है. यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह संस्थापक कमलेश कुमार रॉय और प्रदेश महासचिव सह रांची विधानसभा से प्रस्तावित उम्मीदवारअनिल कुमार गुप्ता दी. वे शनिवार को मीडिया से बात कर रहे थे. कमलेश कुमार रॉय ने कहा कि हमारी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में तीन विस सीटों से चुनाव लड़ेगा. रांची से अनिल कुमार गुप्ता, हटिया से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो और बोकारो से मनोज कुमार महली को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया गया है.

## डायग्नोस्टिक, रेडियोलॉजी जांच और स्क्रीनिंग होगी मुफ्त

# कैंसर के मरीजों की जांच के लिए 50 करोड़ जारी

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में खर्च करेगी 50 करोड़
- चार जिलों में कालाजार का भी होगा सफाया
- राज्य में हर साल सामने आ रहे हैं कैंसर के 40 हजार मरीज

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज पर 50 करोड़ रुपए खर्च करेगी. इसके तहत कैंसर के मरीजों की जांच पर 50 करोड़ रुपया खर्च किया जायेगा. मरीजों की डायग्नोस्टिक, रेडियोलॉजी जांच और स्क्रीनिंग भी मुफ्त में की जाएगी. महिलाओं को होने वाली सर्वाईकल कैंसर की जांच भी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त होगा. इसके साथ ही सरकार ने राज्य के चार जिले साहेबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं दुमका में कालाजार का पूर्ण रूप से उन्मूलन करने की भी योजना बनाई गई है. मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क सरवाईकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर, स्क्रीनिंग योजना के तहत जिलों के अस्पतालों को राशि उपलब्ध करा दी गई है.

**हर साल कैंसर के 40 हजार मरीज :** राज्य में हर साल कैंसर के लगभग 40 हजार मरीज सामने आ रहे हैं. राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में हर दिन इलाज के लिए 60 से 70 मरीज आ रहे हैं. प्रदेश में सबसे अधिक ओरल, ब्रेस्ट और फेफड़े के कैंसर के मरीज मिल रहे हैं. अधिकांश मरीजों की उम्र 50 साल से अधिक होती है. लगभग 25 फीसदी मरीजों का ईलाज रेडियोथेरेपी के जरीये किया जाता है. जबकि 50 फीसदी मरीजों को सर्जरी के लिए सुझाव दिया जा रहा है.

झारखंड में 30 फीसदी लोगों की मौत कैंसर से होगी. वहीं प्रदेश में 13 फीसदी की दर से कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं. झारखंड की कुल आबादी का 0.5 फीसदी महिलाओं की ही सरवाइल स्क्रीनिंग हुई है. यह काफी कम है. वहीं 0.1 फीसदी महिलाओं की ब्रेस्ट स्क्रीनिंग हुई. इस वजह से राज्य सरकार ने कैंसर की रोकथाम के लिए कई कदम उठाए हैं.

### जिलों को आवंटित राशि

| जिला | राशि |
|---|---|
| गिरिडीह | 03 करोड़ |
| कोडरमा | 50 लाख |
| रामगढ़ | 02 करोड़ |
| धनबाद | 04 करोड़ |
| बोकारो | 1.50 करोड़ |
| देवघर | 01 करोड़ |
| गोड्डा | 1.50 करोड़ |
| दुमका | 04 करोड़ |
| पाकुड़ | 02 करोड़ |
| साहेबगंज | 02 करोड़ |
| पश्चिमी सिंहभूम | 50 लाख |
| पूर्वी सिंहभूम | 01 करोड़ |
| लातेहार | 50 लाख |
| रांची | 02 करोड़ |
| खूंटी | 50 लाख |
| गुमला | 02 करोड़ |
| सिमडेगा | 03 करोड़ |
| लोहरदगा | 50 लाख |
| जामताड़ा | 04 करोड़ |
| पलामू | 01 करोड़ |
| हजारीबाग | 04 करोड़ |
| चतरा | 2.50 करोड़ |
| जमशेदपुर | 04 करोड़ |
| गढ़वा | 03 करोड |

# साहिबगंज और पाकुड़ में 250 से ज्यादा मदरसे संचालित

विनित आभा उपाध्याय/सौरव सिंह। रांची

संथाल में बांग्लादेशी मूल के लोगों के घुसपैठ का मामला फिलहाल काफी गर्म है. एक तरफ हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रहा है. वहीं दूसरी तरफ झारखंड में प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी के लिए यह बड़ा मुद्दा बन चुका है. संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले को लेकर बीजेपी लगातार राज्य सरकार पर हमलावर है. वहीं राज्य सरकार की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि संथाल में घुसपैठ नहीं हुआ है. इस बीच यह जानकारी सामने आयी है कि संथाल के दो जिलों साहिबगंज और पाकुड़ में लगभग 250 से ज्यादा मदरसों का संचालन हो रहा है. आंकड़ों के मुताबिक, पाकुड़ जिले में लगभग 100 सामान्य मदरसे संचालित हो रहे हैं. जबकि अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित और स्थापना अनुमति गैर अनुदानित मदरसों की संख्या लगभग 80 से ज्यादा है. साहेबगंज जिले की बात करें तो यहां लगभग 60 मदरसे संचालित हो रहे हैं. साहेबगंज जिले के बरहरवा, राजमहल और उधवा में सबसे अधिक मदरसे हैं. वहीं पाकुड़ जिले के महेशपुर, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा और पाकुड़ प्रखंड में सबसे ज्यादा मदरसे संचालित हो रहे हैं.

जमशेदपुर के दानियल दानिश ने हाईकोर्ट में दायर की है जनहित याचिका : बता दें कि जमशेदपुर जिले के रहने वाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिए दी जा रही है. वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या में कई गुणा इजाफा हुआ है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से मात्र 28 फीसदी रह गयी है.

## फर्जी ऑनलाइन जॉब ऑफर से रहें सावधान

**झारखंड पुलिस की अपील**

**रांची।** टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है. इस बीच युवाओं में जॉब पोर्टल और एप्स के जरिए नौकरी ढूंढ़ने का प्रचलन भी बढ़ा है. साइबर ठग भी फ्रॉड का कोई तरीका नहीं छोड़ रहे हैं. वे अब नौकरी की तलाश में लगे युवाओं से भी फ्रॉड कर रुपये ऐंठ रहे हैं. इसको लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों को सचेत किया है. साथ ही पुलिस ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है. पुलिस ने पोस्टर जारी कर अपील की है कि ऑनलाइन जॉब के फर्जी ऑफर जैसे वर्क फ्रॉम होम, क्लिक एंड अर्न और रेट एंड अर्न से सावधान रहें. अपनी वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले हमेशा सत्यापित करें.

## सामाजिक व श्रमिक संगठनों ने सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी

**रांची।** सामाजिक व श्रमिक संगठनों ने धुर्वा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर माकपा महासचिव सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी. सभा में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने स्व सीताराम येचुरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. यादव ने कहा कि सीताराम येचुरी छात्र जीवन से हीं राजनीति में काफी सक्रिय रहे थे. पूर्ण रूप से राजनीति में कदम रखने के बाद हमेशा सांप्रदायिकता के खिलाफ आवाज उठायी. गरीबों- मजदूरों के हक के लिए हमेशा आवाज बुलंद करते रहे. उनका राजनीतिक सफर एक प्रखर व धर्मनिरपेक्ष राजनेता और के तौर पर रहा. उन्होंने वामपंथी विचारधारा के सबसे बड़े नेता के रूप अपनी पहचान बनायी. येचुरी एक राजनेता के साथ एक विचारधारा भी थे, सर्वदलीय नेताओं में काफी लोकप्रिय रहे. उनके असामयिक निधन पर भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के 121 देशों ने गहरा शोक व्यक्त किया. इससे अंदाजा लगाना चाहिए कि उनका व्यक्तित्व कितना बड़ा था.

# चेन्नई में दिख रही झारखंड की कलाकृतियां और हस्तशिल्प

प्रमुख संवाददाता। रांची

उद्योग सचिव सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड हस्तशिल्पियों का गढ़ है. यहां की समृद्ध संस्कृति की विरासत और कलाकारों को एक मुकाम मिले, उसके लिए झारक्राफ्ट प्रयास कर रहा है. वे शनिवार को चेन्नई के वलुवरकर हाई रोड, नुंबक्कम स्थित मदर टेरेसा विमेंस कांप्लेक्स में झारक्राफ्ट हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट एक्सपो के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारक्राफ्ट झारखंड सरकार का इंडस्ट्री पार्टनर है. हमारा उद्देश्य है कि झारक्राफ्ट के प्रोडक्ट को नई पहचान मिले. इसी कड़ी को जोड़ने के लिए चेन्नई में हम दूसरी बार एक्सपो का आयोजन कर रहे हैं.

**तसर सिल्क और डोकरा आर्ट :** उद्योग सचिव ने लोगों को बताया कि झारखंड में तसर सिल्क और डोकरा आर्ट प्रशिद्ध है. जब झारखंड बिहार से अलग हुआ था तो उद्देश्य था कि झारखंड के उत्पादों को एक पहचान मिले. इसके लिए एक प्लेटफार्म की जरूरत महसूस की गई ताकि झारखंड के हुनर को एक पहचान मिल सके. कई प्रदेश में इसी प्रकार के एक्सपो के माध्यम से झारक्राफ्ट के उत्पादों को एक मंच देने का प्रयास किया गया है. झारखंड 75 फीसदी सिल्क का उत्पादन करता है.

**14 से 16 सितंबर तक चलेगा एक्सपो :** 14 से 16 सितंबर 2024 तक चलने वाले इस एक्सपो में झारखंड की हस्तशिल्प और कलाकृतियों से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं. इसके साथ ही उत्तराखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, की हस्तशिल्प और कला संस्कृति से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं.

### इनके लगे स्टॉल

झारक्राफ्ट रांची, केंदुआ पीड्ब्ल्यूसीएस महगांवा, चमन एसएचजी गोड्डा, जियाजोरी एसएचजी गोड्डा, बरकट्ठी पीड्ब्ल्यूसीएस रामगढ़, पोखरीकलां पीड्ब्ल्यूसीएस लातेहार, ग्रामीण युवा बुनकर एसएचजी गोड्डा, युवा ग्रामीण विकास एसएचजी भगैय्या, सपना सिल्क झारखंड, युवा ग्रामीण विकास एसएचजी मानिकपुर, ढोकरा झारखंड, सुखदेव महली सरायकेला, ओम क्रिएशन झारखंड, मो इरफान आलम रांची, मेघनाथ महतो खरसांवा, सिकनी पीड्ब्ल्यूसीएस रामगढ़, नरेश कुमार विश्वकर्मा बोकारो, अपरकोणकी चमेली एसएचजी रांची, सीइडीएआर दुमका, झारखंड राज्य खरी एवं विकास बोर्ड, सजवा देवी हजारीबाग, एडीआइवीए झारखंड, शशिकांत बोकारो, लाह हस्तशिल्प स्वावलंबी सहकारी समिति रांची, ट्राइब्स इंडिया, पर्यटन विभाग झारखंड सरकार.

# झामुमो महिलाओं को पांच सालों का चूल्हा खर्च दे : शिवराज

प्रमुख संवाददाता। रांची

केन्द्रीय कृषि मंत्री व झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रांची पहुंचें. उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया. युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने का वादा था, नौकरी नहीं मिली. बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, नहीं दिया. महिलाओं को हर महीने दो हजार रूपए चुल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया. अब चुनाव के नजदीक आते ही फिर से जेएमएम खोखले वादे कर रही है, लेकिन झारखंड की जनता इनके झूठे दावों को समझ चुकी है. अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है.



रांची दौरे पर आये शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के आवास पर पौधारोपण किया.

उन्होंने हेमंत सरकार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो बचा हुआ पैसा है, वो दो हजार रूपए के हिसाब से गरीब बहनों को दें.

**शिकारी आएगा, दाना डालेगा और जाल बिछाएगा :** शिवराज ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिकारी आएगा, दाना डालेगा और जाल बिछाएगा, लेकिन झारखंड की जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है.

## आईएसडीजी प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री पांडेय से मिला

**रांची।** आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की. यह फाउंडेशन हार्वेस्ट प्लस के बायो फोर्टिफिकेशन का काम करती है. प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बायो फोर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी. मंत्री दीपिक पांडेय सिंह ने फाउंडेशन से कहा कि इस कार्यक्रम को राज्य के दूरस्थ इलाकों में पहुंचाये, ताकि जमीन की पैदावार में बढ़ोतरी हो सके. सरकार इस काम में पूरी मदद करेगी.

क्लासिफाइड



















# चार साल में 18 जिलों के एसपी का औसत कार्यकाल महज सवा साल

सौरव सिंह। रांची

झारखंड के 18 जिले में एसपी का औसतन कार्यकाल महज सवा साल का है. बीते चार साल के दौरान झारखंड के 18 जिलों में औसतन तीन से चार आईपीएस का तबादला हुआ. वहीं छह जिले बोकारो, खूंटी, दुमका, सिमडेगा, लातेहार और चाईबासा में पिछले चार साल के दौरान औसतन एक से दो एसपी का तबादला हुआ है. इतने कम समय में एसपी के तबादले से कई तरह के काम पर असर पड़ता है.

**एक पद पर काम करने की न्यूनतम अवधि दो साल है तय :** केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 28 जनवरी 2014 को अखिल भारतीय सेवा नियम में संशोधन करते हुए एक पद पर कम से कम दो साल कार्य करने के लिए न्यूनतम अवधि तय की थी. केवल विशेष परिस्थिति में ही दो साल से कम अवधि में किसी अफसर का तबादला किया जा सकता है, लेकिन इस आदेश को राज्य में दरकिनार किया जा रहा है.

### कब से कब तबादला

| | |
|---|---|
| धनबाद | चार सितंबर 2020 से एक जनवरी 2024 तक चार एसपी का तबादला |
| गढ़वा | 30 अप्रैल 2020 से आठ सितंबर 2023 तक तीन एसपी का तबादला. |
| गुमला | 11 अप्रैल 2020 से 29 फरवरी 2024 तक चार एसपी का तबादला. |
| लोहरदगा | 28 अप्रैल 2020 से 10 सितंबर 2023 तक तीन एसपी का तबादला. |
| रामगढ़ | 14 जुलाई 2022 से 20 जुलाई 2024 तक तीन एसपी का तबादला. |
| सरायकेला | 15 जून 2020 से तीन जुलाई 2024 तक पांच एसपी का तबादला. |
| चतरा | 30 अप्रैल 2020 से 29 फरवरी 2024 तक तीन एसपी का तबादला. |
| गिरिडीह | तीन जुलाई 2020 से 29 अगस्त 2024 तक तीन एसपी का तबादला |
| हजारीबाग | 28 अप्रैल 2020 से एक जनवरी 2024 तक तीन एसपी का तबादला |
| कोडरमा | 28 अप्रैल 2020 से आठ सितंबर 2023 तक तीन एसपी का तबादला |
| पाकुड़ | 20 अप्रैल 2020 से एक जनवरी 2024 तक तीन एसपी का तबादला |
| रांची | तीन जुलाई 2020 से आठ सितंबर 2023 तक तीन एसपी का तबादला |
| देवघर | 28 अप्रैल 2020 से 18 जून 2024 तक सात एसपी का तबादला. |
| जमशेदपुर | 28 अप्रैल 2020 से आठ सितंबर 2023 तक तीन एसपी का तबादला. |
| गोड्डा | 20 अप्रैल 2020 से 30 अगस्त 2024 तक तीन एसपी का तबादला. |
| जामताड़ा | 12 सितंबर 2020 से 30 अगस्त 2024 तक चार एसपी का तबादला. |
| पलामू | 12 सितंबर 2020 से 27 सात 2023 तक तीन एसपी का तबादला. |
| साहिबगंज | 28 अप्रैल 2020 से 28 अगस्त 2024 तक तीन एसपी का तबादला |

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, रविवार 15 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ X ● वर्ष : 2, अंक : 158 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 15 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 158 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**राजनीति :** भाजपा सहयोगी दलों के लिए 14-15 सीटें छोड़ने का इरादा, मंथन जारी

## भाजपा बना रही हर जाति को साधने की रणनीति

अमित सिन्हा । धनबाद

झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है. ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं. चुनाव की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू हो गई है. देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इस बार एनडीए गठबंधन में शामिल दलों को साथ लेकर चलने की तैयारी में हैं. पिछली बार आजसू से अलग होकर चुनाव लड़ने का खामियाजा भाजपा भुगत चुकी है. इसलिए इस विधानसभा चुनाव में भाजपा किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती है. भाजपा सूत्रों के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की 81 सीटो में से 14 से 15 सीटें सहयोगी दलों को देने का मन बना रही है. जिसमें जदयू को तीन, लोजपा को एक, एनसीपी को एक, हम को एक और आजसू से 8 से 9 सीटें दे सकती है. हालांकि आजसू 15 सीटों की मांग पर अड़ी है लेकिन भाजपा 9 सीट से ज्यादा नहीं देना चाहती है. भाजपा के सूत्र बताते हैं कि जदयू को पूर्वी सिंहभूम, मांडू और सिमरिया या बड़कागांव ( दोनों में से एक) सीट दी जा सकती है. वहीं जीतन राम मांझी की पार्टी हम को चतरा सीट दिए जाने की संभावना है. लोजपा को जमुआ एवं एनसीपी को हुसैनाबाद सीट दी जा सकती है. वहीं आजसू जुगसलाई, सिल्ली, गोमिया, बड़काकाना, रामगढ़, डुमरी, ईचागढ़ एवं चंदनकियारी के साथ अन्य सीटों पर की मांग कर रहा है.



**हर जाति को होगी साधने की कोशिश :** आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड के कुल 81 सीटों में से 28 सीट रिजर्व हैं. जिसके अलावा सवर्णों के खाते में 16 से 17 सीटें दिए जाने की सूचना है. गठबंधन को 14 से 15 सीटें दिए जाने के बाद बचे सीट ओबीसी के खाते में जाएगी. भाजपा के सूत्र बताते हैं कि इस बार सवर्ण कोटे में से ब्राह्मण को पांच से छह सीट, राजपूत को पांच से छह सीट, भूमिहार को दो से तीन सीट एवं कायस्थ को दो सीटें दिए जाने की संभावना है.

### टुंडी विधानसभा पर भाजपा अड़ी

धनबाद की बात करें तो टुंडी विधानसभा सीट पर भी आजसू अपना दावा कर रही है. लेकिन भाजपा इस बार टुंडी से किसी ख़ातियानी ब्राह्मण पर दांव लगाना चाहती है. टुंडी सीट से भाजपा में कई दावेदार हैं. जिनमें पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, अजय सिंह, विक्रम पांडेय प्रबल दावेदार हैं. टुंडी विधानसभा में पिछली बार विक्रम पांडेय को भाजपा ने टिकट दिया था. लेकिन इस बार जातिगत समीकरण के आधार पर किसी स्थानीय ब्राह्मण को टिकट देना चाहती है. इस विधानसभा में 50 से 55 हजार ब्राह्मण वोटर हैं. जिसमें 35 से 38 हजार सर्वोतरी ब्राह्मण हैं. सर्वोतरी ब्राह्मण से यदि किसी को टिकट देने पर भाजपा ने विचार किया तो भाजपा के युवा नेता राजीव ओझा के नाम की भी चर्चा है. राजीव लोकल के साथ साथ सर्वोतरी ब्राह्मण हैं. स्थानीय होने से इन्हें स्थानीय अन्य जातियों का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है.

## बीसीसीएल कर्मियों को एक लाख रुपये का बोनस की उम्मीद

संवाददाता । धनबाद



**अक्टूबर महीना धनबाद के लिए काफी खास, बाजार की बढ़ेगी रौनक**

इस दुर्गा पूजा में कोल कर्मियों को एक लाख तक का बोनस मिल सकता है. कोलियरी इलाकों में अभी सबसे बड़ी चर्चा बोनस को लेकर ही है. यूनियन नेता 2024 में एक लाख बोनस देने की मांग कर रहे हैं. सूचना के मुताबिक इस बार बैठक एक दिन की होगी. इसमें सिर्फ बोनस पर ही चर्चा होगी. एक अक्टूबर को होने वाली बैठक पर 2.10 लाख कोयला कर्मियों की निगाहें टिकी हुई है. पिछले साल दुर्गा पूजा के मौके पर कोयलाकर्मियों को 85000 बोनस मिला था. इस साल कोल इंडिया के लाभ में बढ़ोतरी हुई है, ऐसे में और बेहतर बोनस मिलने की मांग भी हो रही है और इसकी संभावना भी है. ठेका कर्मियों को भी कुछ लाभ मिल सकता है. पिछले 10 साल से हर बार बोनस राशि में बढ़ोतरी हुई है. वर्ष 2023 में 85,500 मिला था. इस बार एक लाख रुपए तक मिलने की संभावना है. ऐसे में अक्टूबर महीने धनबाद के लिए बड़ा साबित होने वाला है. बीसीसीएल में बोनस का सीधा प्रभाव धनबाद के बाजार पर पड़ेगा. बोनस की जोरदार धूम रहेगी. बताते चलें कि बोनस की घोषणा होने और भुगतान होने से सिर्फ कोयलाकर्मियों की ही बल्ले बल्ले नहीं होगी, बल्कि झारखंड के बैंकों में भी भारी धन वर्षा होगी. बाजार भी बम बम करेंगे. बताते चलें कि बीते 12 सालों में बोनस राशि कई गुणा बढ़ी है. 2012 में 26,000, 2013 में 31,500, 2014 में 40,000, 2015 में 48,500, 2016 में 54,000, 2017 में 57,000, 2018 में 60,700, 2019 में 67,700,2020 में 68,500, 2021में 72,500, 2022 में 76,500 रुपये मिले थे.

## ब्रीफ खबरें

### गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन आज

**धनबाद.** गया हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का धनबाद स्टेशन पर शनिवार को पहली बार आगमन होगा. .प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी खुद वीसी के माध्यम से ट्रेन का शुभारंभ करेंगे. साथ में रेल मंत्री अश्वनी भी मौके पर मौजूद रहेंगे .धनबाद स्टेशन गया हावड़ा वंदे भारत को रविवार को स्थानीय सांसद ढुलू महतो और विधायक राज सिन्हा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. ट्रेन धनबाद स्टेशन में 14.30 में आगमन और 14.50 में प्रस्थान होगा. वहीं पारसनाथ 13.25 में आगमन के साथ 13.45 में प्रस्थान करेगा. कोडरमा स्टेशन में वंदे भारत का आगमन 12.05 में होगा, वहीं 12.25 ट्रेन को प्रस्थान कर दिया जाएगा.

### डीएवी बनियाहीर में राजभाषा हिंदी पखवारा शुरू

जोडापोखर । राजभाषा हिन्दी के सम्मान में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक उज्जवल मुखर्जी, देवेंद्र कुमार पाणिनि,विनय कुमार सिन्हा एवं शिक्षिका अंकिता तिवारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हिन्दी की अक्षय ज्योति को फैलाने व हिन्दी को व्यवहार में उतारने की शपथ लिया गया. बीसीसीएल लोदना क्षेत्र संख्या 10 के मार्गदर्शन व सराहनीय प्रयास से प्रतिवर्ष इसी दिन से हिन्दी पख़वाड़े का शुभारम्भ होता है. कार्यक्रम पूरे एक पक्ष तक चलता है.

### बीबीएकेयू : वोकेशनल कोर्स में नामांकन शुरू

**धनबाद ।** बीबीएमकेयू (बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय) में पीजी, यूजी, वोकेशनल कोर्स, बी फार्मा व एलएलबी कोर्स में नामांकन के लिए आवदेन शुरू हो गया है. बीबीएमकेयू मेन कैंपस में संचालित पीजी के 28 विभागों व तीन पीजी कॉलेजों में 3280 सीटें है. चांसलर पोर्टल के माध्यम से 9 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है. पहली चयन सूची 13 अक्तूबर को जारी की जाएगी.

## श्रीमान! मंदिरों को सुरक्षा दीजिए


### धनबाद के मंदिर बन रहे चोरों के आसान शिकार, लगातार हो रही वारदातें


**खास बातें**

- शहर में बढ़ी चोरी की घटनाएं
- सदर थाना क्षेत्र में बढ़ानी होगी पुलिस को सक्रियता

संवाददाता । बेरमो







धनबाद के मंदिरों में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं. चोरों के लिए मंदिर आसान शिकार साबित हो रहे हैं. झाडूडीह के हनुमान मंदिर में चोरी के दूसरे दिन ही हीरापुर माडा कॉलोनी के शिव शक्ति मंदिर में चोरी हो गई. इसके साथ गोमो लोको बाजार मां काली मंदिर के सोलर लाइट की बैट्रियां चोरी हो गई. हीरापुर शिव मंदिर में चोर दान पेटी को तोड़कर उसमें रखे रुपए और पूजा में उपयोग आने वाले बर्तनों को लेकर फरार हो गए. शनिवार की सुबह जब मंदिर के पुरोहित अनिल पाठक पहुंचे, तो उन्होंने मंदिर प्रांगण में तालों को टूटा हुआ देखा. इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी. मंदिर के पुरोहित ने बताया कि चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है. अब मंदिर को भी निशाना बनाने से अपराधी बाज नहीं आ रहे हैं. ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए. खासकर धनबाद थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें काफी बढ़ गई हैं. ऐसे में पुलिस को शहर में गतिविधि बढ़ाने की आवश्यकता है.

### गोमो काली मंदिर में चोरी

गोमो । गोमो के लोको बाजार खेसमी रेल फाटक के समीप स्थित माँ काली मंदिर में लगे सोलर सिस्टम आधारित लाइट का बैटरी शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने तीन बैटरी खोल कर चोरी कर ली. पुजारी आशीष चक्रवर्ती ने बताया कि सुबह जब मंदिर में पूजा करने गए तो इसकी जानकारी मिली. बैटरी का बक्सा खुला हुआ था और उसमें बैटरी गायब था. पूजा समिति की बैठक के बाद तोपचांची थाने में आवेदन देंगे. उन्होंने बताया कि 6 माह पूर्व भी मंदिर की दान पेटी की चोरी हो गई थी. पुलिस को सूचना देने के बावजूद भी किसी प्रकार की कोई जांच-कार्रवाई नहीं की गई.



### तेलीपाड़ा में चोरी, सीसीटीवी में चोर कैद

धनबाद । शुक्रवार की रात चोरों ने धनबाद थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा आदर्श कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे शुभम मिश्रा के रूम से इनवर्टर, बेट्री,घड़ी मोबाइल फोन और पर्स में रखे पांच हजार नगदी की चोरी कर ली गई. चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी हैं. भुक्तभोगी द्वारा सीसीटीवी फुटेज के साथ धनबाद सदर थाना में चोरी की लिखित शिकायत की गयी है. शुभम मिश्रा ने बताया कि बीती रात कमरे में ताला लगाकर अपने दोस्त के घर सोने चले गए थे. चोरी हो जाने की सूचना सुबह मकान मालिक ने फोन पर दी. वे ज़ब घर पहुंचे तो मेन दरवाजे का ताला टूटा पाया और घर के सामान गायब थे.

## होटल-लॉज संचालक लगाएं सीसीटीवी कैमरा




- होटल-लॉज संचालकों के साथ पुलिस की बैठक

संवाददाता । धनबाद

धनबाद के होटल और लॉज में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया गया है. शनिवार को जिला पुलिस मुख्यालय के सभागार में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कामती ने जिले के होटल संचालकों के साथ बैठक की. सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए. बैठक के दौरान डीएसपी ने होटल और लॉज संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि होटल या लॉज में कमरा देने के पहले मुसाफिर का पहचान पत्र ली जाए और उसकी एंट्री रजिस्टर में नाम पता और मोबाइल नंबर के साथ स्पष्ट रूप से की जाए. यदि पुरुष यात्री के साथ कोई महिला मुसाफिर है तो संबंधित पुरुष से उसका क्या संबंध है, इसकी जानकारी भी दर्ज की जाए.विदेशी मुसाफिरों के लिए सरकार द्वारा जारी फॉर्म सी के तहत सभी जानकारी एकत्रित करना होटल प्रबंधन के लिए अनिवार्य है. उन्होंने विदेशी पर्यटकों से जुड़ी जानकारी तत्काल स्थानीय थाना व पुलिस के विदेश शाखा को उपलब्ध कराने की बात कही. विदेशी पर्यटकों से जुड़ी जानकारी को होटल संचालक द्वारा सरकारी पोर्टल पर अपडेट करना भी सभी होटल संचालकों के लिए अनिवार्य है. होटल के एंट्री गेट, रिसेप्शन, गैलरी, पार्किंग और डायनिंग एरिया में आवश्यक रूप से निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ डेटा को सुरक्षित रखना होगा. बिना परिचय पत्र के किसी भी स्थिति में मुसाफिरों को नहीं ठहराया जाये एवं जो भी मुसाफिर रुकेंगे, उनकी सूची नियमित रूप से पुलिस थाने में उपलब्ध कराना आवश्यक है.

## अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

### सरायढेला थाना में होगी एफआईआर

संवाददाता । धनबाद

उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शुक्रवार की रात अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया. अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि रात लगभग 12:30 बजे खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, अंचल अधिकारी, गोविंदपुर एवं सरायढेला थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार, संतु मांझी एवं उपेन्द्र यादव के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन, परिवहन के विरूद्ध सरायढेला थानान्तर्गत जांच अभियान चलाया गया.

जांच के कम में कल्याण ज्वेलर्स के समीप मेन रोड पर गोविंदपुर की ओर से आ रहे एक हाइवा संख्या जेएच 10 बी.क्यू. 9785, जिस पर लगभग 500 क्यूबिक फीट बालू लोड था, को रोका गया. पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम असलम अंसारी, थाना-गोविन्दपुर एवं उपचालक महानंद राय थाना-गोविन्दपुर निवासी बताया गया. वहीं वाहन पर लदे बालू से संबंधित परिवहन चालान की मांग पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया. वाहन चालक ने एसडीओ और उनकी टीम को बताया कि उक्त बालू को बैजड़ा बालू घाट से अवैध खनन एवं चोरी कर लाया गया है.

## अवैध स्टोन चिप्स लदे 3 वाहन जब्त

**धनबाद ।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार की दोपहर गोविंदपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध स्टोन चिप्स लदे 3 वाहन जब्त किए. खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1.30 बजे गोविंदपुर थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया. इस दौरान स्टोन चिप्स लदा 2 टाटा 407 तथा एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया. जांच के क्रम में तीनों वाहनों के पास परिवहन चालान नहीं मिला. तीनों वाहनों को गोविंदपुर थाना को सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है. जांच दल में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित कुमार तथा आवंटित पुलिस बल शामिल थे.

## डिगवाडीह सर्कस मैदान गणेश मेला का पूर्व संचालक आत्मदाह करने में गिरफ्तार

**खास बातें**

- मेला कमेटी के खिलाफ लगाया ठगी का आरोप
- तत्पर रही पुलिस, अनहोनी से पहले दबोचा गया

संवाददाता । धनबाद



धनबाद। शनिवार की दोपहर डिगवाडीह सर्कस मैदान में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव के दौरान उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब पूर्व मेला संचालक पवन प्रजापति अपनी पत्नी तथा बच्चे के साथ आत्मदाह करने पहुंचे. पवन अपने पत्नी तथा बच्चे के साथ निर्धारित समय पर मेला समीप आत्मदाह करने जैसे ही पहुंचा पहले से तैनात जोड़ापोखर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया.पवन अपनी पत्नी तथा बच्चे के साथ ऑटो से आत्मदाह करने आया था. जोड़ापोखर थाना में पवन से पूछताछ जारी है. आत्मदाह की सूचना को लेकर जोड़ापोखर पुलिस तथा अग्निशमन विभाग की दमकल वाहन पहले से ही गणेश मेला के समीप मुस्तैद थी.आत्मदाह को लेकर पवन प्रजापति द्वारा पूर्व में ही घोषणा कर जिले के सभी आला अधिकारी को सूचना दी गई थी.पवन का आत्मदाह का फैसला पूजा कमेटी द्वारा मेला न लगाने देने तथा पैसे की ठगी करने को लेकर पुलिस तथा जिला प्रशासन से न्याय नहीं मिलने से तंग आकर किया गया था.

मेला कमेटी के सह सचिव दिनेश यादव ने कहा कि पवन प्रजापति द्वारा लगातार तीन वर्षो तक मेला का संचालन किया गया. पिछले वर्ष पवन द्वारा फर्जीवाड़ा कर मेला का रकम हड़प लिया था. उसके दिए गए रकम का चेक भी बाउंस हो चुका है. जिसका केस भी चल रहा है. इसी कारण से इस वर्ष राकेश गोस्वामी को मेला लगाने दिया गया है. दिनेश ने कहा पवन ने जितने भी आरोप कमेटी पर लगाएं है, वो निराधार है.

**कला** पंडाल निर्माण में बीते 13 सालों से नंबर एक पर है झारखंड पूजा समिति का कब्जा

## इंडोनेशिया के बाली विष्णु मंदिर का झारखंड मैदान में होगी दीदार

- भव्य पंडाल व माता के दर्शन को दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं, सुरक्षा का रहता है इंतजाम

रनजीत कुमार सिंह । धनबाद



पिछले 13 सालों से धनबाद में दुर्गा पूजा के पंडाल निर्माण में एक नंबर पर काबिज रहने वाली झारखंड मैदान की सत्यम शिवम सुंदरम दुर्गा पूजा कमेटी इस बार इंडोनेशिया के बाली विष्णु मंदिर के थीम पर पंडाल का निर्माण करा रही है. कुल खर्च तीस लाख है, जिसमे बीस लाख रुपये की लागत से पंडाल के अंदर का लाइट और पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. एक लाख दस हजार की लागत से मां दुर्गा की प्रतिमा दामोदरपुर स्वर्गीय गौतम पाल के यहां बनाया जा रहा है .पंडाल निर्माण के लिए 15 अगस्त को 40 मजदूर पूर्व मेदनीपुर से मंगाए गए हैं, जो दिन रात पंडाल को आकर्षक बनाने में जी तोड़ मेहनत कर हे हैं. दुर्गा पूजा के दौरान दूर-दूर से भक्तों का तांता यहां सिर्फ पंडाल और माता के दर्शन को पहुंचता है.

झारखंड मैदान में वर्ष 2000 से सत्यम शिवम सुंदरम दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है .

वर्ष 2000 में 80 हजार की लागत से पूजा हुआ था. जिसमें विक्टोरिया की थीम पर पंडाल का निर्माण किया गया था .धीरे-धीरे झारखंड मैदान का दुर्गा पूजा भव्य रूप लेता गया. 2010 से लगातार जिले में झारखंड मैदान का दुर्गा पूजा प्रथम स्थान हासिल कर रहा है. वहीं वर्ष 2012 में झारखंड में तीसरा स्थान हासिल किया था. .पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग-अलग थीम पर पंडाल का निर्माण किया जाता है जैसे बिचाली, केला का पत्ता ,झिनुक ,गोबर , गोइठा ,प्लाई , टीना का चदरा आदि शामिल है . वर्ष 2023 में इंडोनेशिया के फीस महल थीम पर पंडाल का निर्माण किया गया था. वहीं 2005 से पूजा के साथ साथ भव्य मेला का भी आयोजन किया जा रहा है. जिसमें तारामाची, ब्रेक डांस ,टोरा-टोरा ,ट्रेन , नाव आदि मनोरंजन के कई प्रसिद्ध झूले इस बार भी रहेंगे.

समिति के अध्यक्ष मनोज मालाकार ,सचिव उमेश यादव ,कार्यकारी अध्यक्ष राजेश गुप्ता ,कैशियर राजेश मालाकार ,दीनानाथ कुमार ,दिलीप कुमार ,नागेश्वर साव ,बबलू ठाकुर आदि सदस्य शामिल है.



> समिति के मीडिया प्रभारी विकास साव ने बताया कि जिले के झारखंड मैदान में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का सबसे पहले रखा जाता है. सातवीं ,आठवीं और नवमीं को बड़े पैमाने पर भोग लगाया जाता है .जिसमें लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले भक्त भोग ग्रहण करते हैं .उन्होंने कहा कि मेला देखने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जाती है. स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ साथ एंबुलेंस भी जिला प्रशासन के द्वारा तैनात रहता है. वहीं महिलाओं के लिए दो होटल में बाथरूम की व्यवस्था की जाती है. पंडाल का उद्घाटन धनबाद सदर अनुमंडल प्राधिकारी द्वारा कराया जाता है.

## ऑटो चालक देसी कट्टा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता । बराकर



कुल्टी थाना के बराकर फाड़ी पुलिस ने बंगाल झारखंड के चेक नाका बराकर चेकपोस्ट पर एक ऑटो की तलाशी के दौरान चालक को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक जींस पेंट एवं काला शर्ट पहने एक महिला हाथ में बैग लेकर विकास लाल श्रीवास्तव के ऑटो में बैठकर चिरकुंडा के लिये जा रही थी.अचानक बराकर चेकपोस्ट पर नाक चेकिंग देखते ही ऑटो में बैग छोड़कर महिला उत्तर गयी. इसकी खबर मिलते ही पुलिस ने ऑटो में रखी बैग की जांच की.जिसमें एक देशी पिस्तौल बरामद किया.इसके बाद पुलिस ने ऑटो को जब्त किया और ड्राइवर को गिरफ्तार किया. चालक विकास कुल्टी केंदुआ खिलानधौड़ा का रहने वाला है. बराकर पुलिस ने उक्त आरोपी को बराकर फाड़ी ले जाकर अपनी हिरासत में रखा, जहां पुलिस ने शनिवार को आसनसोल न्यायालय में पेस कर रिमांड की मांग की, न्यायालय ने उक्त आरोपी को पांच दिन को पुलिस रिमांड में भेजा है, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.4 | 25.2 |
| जमशेदपुर | 28.6 | 24.0 |
| डालटनगंज | 30.6 | 24.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, रविवार 15 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 158 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,200 |
| चांदी (किलो) | 89,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### अरे तुम अपने और अपने 'पप्पू' के बारे में सोचो...

**नयी दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर यूपी के गौतमबुद्धनगर के डीएम के एक्स हैंडल से की गई एक पोस्ट को लेकर राजनीति गरमा गई है. डीएम ने लिखा है- अरे तुम अपनी और अपने 'पप्पू' के बारे में सोचो... कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर नोएडा के डीएम के पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कहा, उन्होंने राहुल गांधी के लिए अपमानजनक टिप्पणी की है. विवाद बढ़ते ही डीएम मनीष वर्मा ने सफाई दी है कि उनके एक्स आईडी का दुरूपयोग किया गया है. कांग्रेस ने मामले में कार्रवाई की मांग की है.

### मैं आपकी दीदी बनकर आई हूं, सीएम नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच गतिरोध जारी है. इस बीच सीएम ममता बनर्जी प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से मिलने पहुंचीं. ममता ने कहा कि वह यहां दीदी के तौर पर डॉक्टरों से मिलने आई हैं, सीएम बन कर नहीं. -पेज 12 भी देखें

### कोलकाता में जोरदार धमाका, दो घायल

**कोलकाता।** कोलकाता के एसएन बनर्जी रोड पर शनिवार को पर हुए विस्फोट में दो लोग घायल हो गए. इनमें एक महिला भी शामिल है. घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस ने इलाके को सुरक्षा टेप से घेर लिया, ताकि आम जनता करीब न आने पाए. बम निरोधक दस्ते भी जांच कर रहा है.

### केजरीवाल ने किया हनुमान जी का दर्शन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद शनिवार को पंत्नी सुनीता केजरीवाल संग कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान दोपहर पहुंचे और वहां दर्शन कर आशीर्वाद लिया. इस मौके पर मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह भी सीएम के साथ थे.

### शेयर बाजार में कल आ रहा बिग मंडे

**मुंबई।** सोमवार का दिन प्राइमरी मार्केट के लिए अहम है. इस दिन तीन कंपनियों के आईपीओ की मार्केट में लिस्टिंग है. इसमें बजाज हाउसिंग, टॉलिन्स टायर्स और क्रॉस लिमिटेड के आईपीओ के नाम शामिल हैं. बजाज हाउसिंग के आईपीओ का साइज 6,560 करोड़ का है. इसको निवेशकों से शानदार रिस्पॉन्स मिला है. यह 68 गुना तक बढ़ कर बंद हुआ.

### वियतनाम में तूफान का कहर, 254 मरे

**हनोई।** वियतनाम में तूफान यागी ने कहर बरपाया है. तूफान के कारण भूस्खलन और बाढ़ से उत्तरी क्षेत्र में 254 लोगों की मौत हो गयी तथा 82 लोग लापता हैं. लाओ काई, काओ बांग और येन बाई सबसे अधिक प्रभावित प्रांत हैं, जहां क्रमशः 111, 43 और 49 लोगों की मौत हो चुकी है.

### मैंने पीएम पद का ऑफर ठुकरा दिया: गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष के एक बड़े नेता ने उनके सामने पीएम पद का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया. गडकरी ने कहा, मैंने नेता से कहा कि मैं एक विचारधारा और विश्वास का पालन करनेवाला व्यक्ति हूं. मैं एक ऐसी पार्टी में हूं जिसने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी. कोई भी प्रस्ताव मुझे लुभा नहीं सकता.

## पीएम मोदी आज झारखंड आएंगे, भाजपा नेताओं का जुटान

# देंगे कई सौगात

शुभम संदेश टीम। रांची/ जमशेदपुर

- 21 हजार करोड़ की योजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास
- टाटानगर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी
- जमशेदपुर के गोपाल मैदान में करेंगे जनसभा को संबोधित

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड आ रहे हैं. वे सुबह 8:45 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे. यहां से हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां उनकी आगवानी राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे. इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी समेत कई अन्य नेता और प्रशासनिक अधिकारी पीएम का स्वागत करेंगे.

एयरपोर्ट पर पीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा. उसके बाद 10:15 बजे उनका कारकेड टाटानगर स्टेशन के लिए प्रस्थान कर जाएगा. टाटानगर स्टेशन पर पीएम प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बने कार्यक्रम स्थल वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. पीएम सबसे पहले टाटा-पटना वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे. उसके बाद एक-एक करके पांच अन्य वंदे भारत को रवाना करेंगे. जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रमों के समापन के बाद पीएम दोपहर 1.45 बजे फिर रांची पहुंचेंगे. रांची एयरपोर्ट से गुजरात के लिए प्रस्थान करेंगे. पीएम लगभग छह घंटे तक झारखंड में रहेंगे.

**पीएम के रूट लाइन पर नो फ्लाई जोन घोषित :** पीएम के के हवाई रूट पर नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है. सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट से 200 मीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रोक रहेगी. पीएम मोदी के लिए एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट पर पहुंच गया है. अफसरों ने शनिवार को एयरपोर्ट का जायजा लिया. पीएम के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग स्थल का भी निरीक्षण किया. पीएम के आगमन को लेकर रांची से लेकर जमशेदपुर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. इधर, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भी शनिवार देर शाम रांची पहुंच गए. रेल मंत्री सुबह जमशेदपुर जाएंगे.

### गोपाल मैदान में सभा, रोड शो भी होगा

जमशेदपुर में पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को एक तरह से झारखंड में विधानसभा चुनावों का भाजपा का बिगुल भी फूंकेंगे. गोपाल मैदान में पीएम की सभा भी होगी. वहां पीएम रोड शो भी करेंगे. रोड शो आधे घंटे का होगा. पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए जमशेदपुर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. तीन हजार से अधिक पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की तैनाती गई है.



**पीएम का कार्यक्रम एक नजर में**

**सुबह 8:45 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे**

- एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर
- छह वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी
- रेलवे की सात परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे
- तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान की सौगात देंगे
- चौथी रेल लाइन को भी मंजूरी दे सकते हैं पीएम मोदी

### पीएम मोदी झारखंड को देंगे ये सौगातें

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड कई सौगातें भी देंगे. देवघर में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखेंगे. मधुपुर बाईपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जाएगी. साथ ही गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा समय भी कम होगा. हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो इस स्टेशन पर कोचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा. जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम 21 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. इस दौरान ने झारखंड के 20 हजार लोगों को घरों की सौगात देंगे. पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत दो करोड़ नए घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे. वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक लाख 13 हजार 185 आवासों का लक्ष्य झारखंड को मिला है. इसके लिए 187.79 करोड़ की राशि दी गई है.

**कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना :** प्रधानमंत्री कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग का हिस्सा है. इस परियोजना से माल की ढुलाई और यात्री यातायात को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी. इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 04 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा.

### छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे



पीएम छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेनें इन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगीः इन वंदे भारत ट्रेनों के शुरू होने से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय को लाभ होगा. ये ट्रेनें देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कालीघाट, बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन के तीव्र गति वाले परिवहन प्रदान करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी. इसके अलावा, धनबाद में कोयला खदान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुर्गापुर में लौह और इस्पात संबद्ध उद्योगों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा.

- टाटानगर – पटना
- भागलपुर - दुमका- हावड़ा
- ब्रह्मपुर - टाटानगर
- गया - हावड़ा
- देवघर – वाराणसी
- राउरकेला – हावड़ा



**मांदर की थाप लगाते सीएम:** रांची महिला कॉलेज के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में शनिवार रात आयोजित करम पूजा महोत्सव में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन.

# संघर्ष अभी नहीं हुआ समाप्तः सीएम

प्रमुख संवाददाता। रांची

- मुझे जेल भेजा, हमारे विधायकों को ख़रीदने में अरबों लगाए
- हर महीने भाजपा ने सरकार गिराने की पुरजोर कोशिश की

सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधा है. कहा कि भाजपा ने हर महीने हम झारखंडियों की सरकार गिराने की पुरजोर चेष्टा की. इससे भी नहीं हुआ, तो मुझे जेल भेजा. चंपाई सोरेन सहित अन्य लोगों की इशारा करते हुए कहा, विधायकों को खरीदने में अरबों लगाए. एक्स पर पोस्ट में सीएम ने लिखा कि इसके बावजूद आप भाई-बहनों के प्रेम और अपनत्व के कारण वे अपने मंजूबों में कामयाब नहीं हो पाए. अब आपकी सरकार अपकी सेवा में और तेज गति से काम कर रही है.

सीएम ने अपने इरादे जाहिर करते हुए कहा कि संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है. हमें सतर्क रहना होगा और अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी. राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद, हमारा ध्यान विकास और जनकल्याण पर केंद्रित है. हम सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं.

### सीएम हेमंत ने प्रकृति पर्व करम की दी बधाई

**रांची।** प्रकृति पर्व करम (करमा) पर्व के पावन मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी झारखंडवासियों को बधाई दी है. सीएम ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि करम पर्व के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार! यह पर्व प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता और भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं सम्मान को दर्शाता है. यह पावन पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है. यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं. **जय जोहार! करम जोहार!**

**भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी :** सीएम ने लिखा-आदिवासी-मूलवासी के अधिकारों और संस्कृति को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है. भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी है, ताकि हर रुपया जनता की भलाई में खर्च हो. उन्होंने आगे लिखा है कि आप सभी के समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद. हम सब मिल कर समृद्ध और न्यायसंगत झारखंड का निर्माण करेंगे.

**भाजपा ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया :** सीएम ने कहा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द करने से पहले कुछ भी नहीं सोचा. उन्हें इसमें चंद रुपए बचते दिखे. पर इससे कितने परिवारों को इन्होंने उजाड़ दिया. लाखों झारखंडियों को भूख से मौत के मुहाने खड़ा कर दिया. इनके पास अरबों खर्च कर विधायक ख़रीदने के लिए पैसों की कमी नहीं है.

**हॉकी : एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीता लगातार 5वां मैच**

# भारत की आंधी में उड़ा पाकिस्तान



**स्कोर**

| भारत | पाक |
|---|---|
| 2 | 1 |

- भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत ने दागे दोनों गोल, पाक की तरफ से नदीम ने दागा गोल

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को चीन में खेली जा रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी राउंड रॉबिन मैच में 2-1 से हरा दिया. हरमनप्रीत ने दो गोल, जबकि पाकिस्तान के नदीम ने मैच में पहला गोल दागा. भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवां मैच जीता. पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया. पाकिस्तान की टीम मैच के आखिरी 10 मिनट में सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेली. भारत को इस मुकाबले में 5 और पाकिस्तान को सात पेनाल्टी कॉर्नर मिले. भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है. - पूरी खबर पेज 10 पर

**पलटवार** सेबी प्रमुख माधवी बुच पर कांग्रेस ने लगाए नए आरोप, कहा

# धारा गिनाई, पूछा- मैडम आपने साइन किये या नहीं

एजेंसी। नयी दिल्ली

सेबी चीफ माधवी पुरी बुच पर कांग्रेस ने शनिवार को नए सवालों और सबूतों के साथ निशाना साधा. पार्टी ने माधवी बुच के दावों को गलत बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरी गंभीरता के साथ सेबी के प्रमुख की कुर्सी पर बैठ कर कमाई की. कांग्रेस ने माधवी बुच के दावों को गलत बताते हुए कहा, सेबी की फुल-टाइम मेंबर रहते हुए भी बुच और उनके पति अपने स्वामित्व वाली कंपनी अगोरा प्राइवेट लिमिटेड से कमाई करते रहे.

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, हम दो सितंबर से मैडम पर खुलासे कर रहे. 16.80 करोड़ आईसीआईसीआई से और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से बुच ने अलग-अलग वक्त में अलग-अलग कैटेगिरी में धन अर्जित किए.

### शेयर में जो लोग पैसा लगाते हैं हमें उनकी फिक्र



खेड़ा ने कहा, हमारे आरोपों पर मैडम ने जो जवाब दिया वो समझ से परे है.उन्होंने अपनी काबिलियत और डिग्री गिनाईं, मैडम हम आपकी डिग्रियों की कदर करते हैं, हमें आपसे कोई आपत्ति और पर्सनल दुश्मनी नहीं है. लेकिन हमे सेबी से और उसके चीफ से शिकायत पूछने का हक है क्योंकि हमारे सवाल सेबी चीफ की कुर्सी से हैं क्योंकि शेयर में आम आदमी का पैसा भी लगता है. नुकसान की कीमत वो छोटे लोग चुकाते हैं.

बैंक के कई केस सेबी की चौखट पर थे. 3 सितंबर को बैंक ने कुछ जवाब दिए. 6 सितंबर को हमने कुछ और सवाल किए, जिनका जवाब नहीं आया है. 2018 से 2024 के बीच सेबी सदस्य और चीफ रहते हुए माधवी वॉकहार्ट से संबद्ध कंपनी कैरोल इंफो सर्विसेज से 2.16 करोड़ की किराए की इनकम प्राप्त कर रही थीं. ये जानकारी पब्लिक डोमेन में है कि मुंबई स्थित वॉकहार्ट की 2023 के दौरान भेदिया कारोबार सहित कई मामलों की जांच सेबी कर रही है. वॉकहार्ट के कुछ केस भी सेबी के पास पेंडिंग थे.

### लिस्टेड कंपनी में ट्रेडिंग चीनी कंपनियों में निवेश

खेड़ा ने कहा, 2017 से 2023 के बीच में माधवी सेबी सदस्य व चीफ बनने तक कंपनियों में ट्रेडिंग करती रहीं. करीब करीब 37 करोड़ की ट्रेडिंग 6 साल में की. यही नहीं मैडम ने चीन की कंपनियों में निवेश भी किया. अब मैडम आप कहेंगी कि तो क्या हुआ? आपके इस काउंटर पर हमारा सवाल आपसे ये है - आपके द्वारा की गई ये ट्रेडिंग सेक्शन 6 ऑफ सेबी कोड कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंट्रेस्ट फॉर मेंबर्स की अवहेलना और वायलेशन है. मेरा सवाल है कि आप कहती हैं कि ये अगोरा डॉरमेंट है. जबकि ऐसा नहीं था. आपने खूब नाजायज धन कमाया है.

**अनुशासन** वो तीन घंटे का नियम, जिसे नारायण मूर्ति ने बच्चों की परवरिश के लिए अपनाया

# माता-पिता को बच्चों के लिए उदाहरण बनना चाहिए

एजेंसियां। बेंगलुरु

देश की जानी-मानी आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति और उनकी पत्नी सुधा मूर्ति काफी चर्चाओं में रहते हैं. हाल ही में नारायण मूर्ति ने 70 घंटे काम की वकालत की थी, जिस पर बहस छिड़ गई थी. हालांकि, अब बच्चों की परवरिश पर उन्होंने अपना विचार साझा किया है. उनका कहना है कि घर में पढ़ाई का माहौल बनाना माता-पिता का सबसे बड़ा कर्तव्य है.

दरअसल, बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में बोलते हुए 78 वर्षीय मूर्ति ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में अनुशासित माहौल बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी है. यह पूछे जाने पर कि सोशल मीडिया



के डिस्ट्रैक्शन के बीच छात्र कैसे ध्यान केंद्रित कर सकते हैं? मूर्ति ने कहा कि माता-पिता यह उम्मीद करते हुए फिल्में नहीं देख सकते कि बच्चे अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाएंगे.

नारायण मूर्ति ने बताया कि कैसे उन्होंने और उनकी पत्नी सुधा मूर्ति ने अपने बच्चों अक्षता और रोहन की पढ़ाई को लेकर घर में अनुशासन बनाए रखा. उन्होंने बताया कि जब उनके बच्चे स्कूल में थे, तब वह और उनकी पत्नी रोजाना तीन घंटे से ज्यादा समय उनके साथ पढ़ाई करते थे. इस अभ्यास से न केवल सीखने के लिए अनुकूल माहौल बना, बल्कि बच्चों को माता-पिता से स्पष्टीकरण मांगने का भी अवसर मिला.

मूर्ति पॉल हेविट की किताब कॉन्सेप्टुअल फिजिक्स के 13वें संस्करण का लोकार्पण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि जब माता-पिता खुद फिल्म देखने जैसे कामों में व्यस्त रहते हैं, तो वे अपने बच्चों से पढ़ाई में ध्यान लगाने की उम्मीद नहीं कर सकते.

### टीवी देखने की थी सख्त मनाही

नारायण मूर्ति ने बताया कि शाम को 6.30 बजे से 8.30 बजे तक उनका घर पूरी तरह से पढ़ाई के लिए समर्पित होता था. टेलीविजन देखने की सख्त मनाही थी. उन्होंने कहा, मेरी पत्नी का तर्क था कि अगर मैं टीवी देख रही हूं, तो मैं अपने बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं कह सकती. इसलिए उन्होंने कहा था कि मैं अपना टीवी देखने का समय कुर्बान कर दूंगी और मैं भी पढ़ाई करूंगी. उनका मानना है कि माता-पिता को बच्चों के लिए उदाहरण बनना चाहिए. बच्चों को पढ़ाई के लिए कहना और खुद मनोरंजन में लगे रहना, बच्चों को गलत संदेश देता है. उन्होंने कहा, अगर माता-पिता खुद फिल्में देखने जा रहे हैं और फिर बच्चों से कह रहे हैं कि नहीं, नहीं, तुम पढ़ाई करो तो यह तरीका काम नहीं करेगा.

**कोचिंग कक्षाओं पर भी कसा तंज :** नारायण मूर्ति ने कोचिंग के बारे में भी अपनी शंकाएं व्यक्त कीं. उन्होंने सुझाव दिया कि वे अक्सर उन छात्रों के लिए अंतिम उपाय होते हैं, जिन्होंने कक्षा में ध्यान नहीं दिया होता है. उनका मानना है कि पढ़ाई मुख्य रूप से कक्षा में होनी चाहिए. उसके बाद माता-पिता घर पर बच्चों की मदद करें. बता दें, नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति बिजनेस वुमन और फैशन डिजाइनर हैं. उनका विवाह ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है. वहीं, रोहन मूर्ति हार्वर्ड सोसाइटी ऑफ फैलो में जूनियर फेलो हैं.

# कश्मीर में सेना के दो जवान शहीद, पांच आतंकी भी ढेर

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. बारामूला जिले में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है. बता दें कि आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा ऑपरेशन शुरू किया गया. शुक्रवार देर रात

उत्तरी कश्मीर जिले के पट्टन इलाके के चक टापर क्रीरी में गोलीबारी शुरू हुई. वहीं, एक अलग मुठभेड़ में सेना की राइजिंग स्टार कोर इकाई के जवानों ने कठुआ में दो पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार इलाके में तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई.

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए. सेना ने कहा कि विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने छतरू क्षेत्र के नैदघाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया. इस दौरान सुरक्षा बलों के जवान जब एक निश्चित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तो वहां छिपे आतंकियों ने उन पर गोलियां चलाईं. इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं. सेना ने कहा, गोलीबारी के दौरान दो जवान शहीद हो गए और दो घायल हो गए. व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंक के अधिकारियों ने बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है.

## ब्रीफ खबरें

### कतरास एरिया-4 में राजभाषा पखवारा

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 के क्षेत्रीय सभागार में राजभाषा पखवाड़ा, 2024 की शुरुआत महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल के करकमलों द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण वं द्वीप प्रज्वलित कर की गयी, उक्त अवसर गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह,कोयला वं खान मंत्री किशन रेड्डी, भारत सरकार अध्यक्ष कोल इंडिया पीएम प्रसाद, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बीसीसीएल समीरण दत्ता निदेशक (कार्मिक), एमके रमईया महाप्रबंधक (का. एवं औ. सं. राजभाषा विधुत साहा के संदेश का वाचन किया गया. उक्त अवसर पर प्रबंधक कार्मिक/राजभाषा, राणा एस.के.सिंह द्वारा बताया गया कि राजभाषा पखवाड़ा, 2024 जो कि 14 सितम्बर से 28 सितंबर के मध्य मनाई जाएगी.

### गुरू नानक मिशन स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरू नानक मिशन स्कूल प्रांगन में स्कूल के ट्रस्ट के तत्वाधान में विवेकानंद हॉस्पिटल दुर्गापुर की ओर से शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.शिविर में 54 लोगों की जांच की गई. शिविर में चिकित्सक द्वारा लोगों का ईसीजी,मधुमेह,ब्लड सुगर,ब्लड प्रेशर,आंख की जांच की गई. शिविर में डॉ पवन कुमार,डॉ अक्षय स्वामी,साईं कौशल्या,इंद्राणी मुखर्जी,माया चक्रवर्ती व मनीषा मंडल मौजूद थे. शिविर को सफल बनाने में निर्मल सिंह उर्फ निम्मा सिंह,अशोक तिवारी,संजिव चौबे,परमजीत सिंह, सतनाम सिंह आदि थे.

### लोयला स्कूल के सचिव की विदाई

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा स्थित लोयला स्कूल के सचिव एवं होली फैमिली चर्च परिवार के फादर अमातुष कुजूर का शनिवार को स्कूल के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कुजूर का स्थानांतरण धनबाद सेंट एंटनी चर्च के प्रमुख पल्ली पुरोहित के रूप में हुआ है. उनके स्थान पर जमशेदपुर धर्म प्रांत के टेंटको मुख्य पल्ली पुरोहित फादर ए अल्फांजो ने पदभार ग्रहण किया. कार्यक्रम में कुजूर को पुष्प गुलदस्ता के साथ स्कूल के प्राचार्य जानी पी देवसिया ने भावुक विदाई दी. कार्यक्रम में फादर कुजूर के कार्यकाल में किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई. स्कूल के नए सचिव फादर ए अल्फांजो ने कहा कि लोयला स्कूल व होली फैमिली चर्च को अपनी ओर से विशेष स्थान प्राप्त कराने को ले वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे.

### जदयू की टुंडी में बैठक

**टुंडी।** जदयू पार्टी की एक बैठक जदयू टुंडी प्रखंड कार्यालय कोल्हर मोड़ में जदयू टुंडी प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध पांडेय की अध्यक्षता में हुई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए. बैठक में 22 सितंबर को राजगंज में आयोजित टुंडी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक सफलता के लिए रणनीति बनाई गई. दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी लम्बे समय से टुंडी विधानसभा क्षेत्र में जनमुद्दों पर संघर्ष करते आ रही है. आगामी विधानसभा चुनाव में टुंडी में सत्ता परिवर्तन करना है.

# आज रे करम गोसाईं घरे दुआरे रे...

- कोयलांचल में धूमधाम से मनाया जा रहा करम पर्व
- बहनों ने अपने भाई की स्वास्थ्य, लंबी आयु के लिए मांगी दुआएं



**संवाददाता । धनबाद**

भाई बहन के स्नेह व सृष्टि का प्रतीक करम पर्व शनिवार 14 सितंबर को कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में धूम धाम से मनाया गया. इस पर्व में बहन अपनी भाई की स्वास्थय और लंबी आयु के लिए दुआ मांगती हैं. .यह पर्व भाद्र मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी से प्रारंभ होता है .इस पर्व में बहन पूरी रात ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ करम डाली के चारों और घूम - घूम कर करम गीत गाती और नृत्य करती हैं. सरायढेला की रहने वाली राखी कुमारी , नेहा कुमारी , बेबो कुमारी ,चंदा कुमारी और मीठी कुमारी ने बताया कि वह अपने भाई की लंबी आयु व स्वास्थ्य की कामना के लिए करम पर्व कर रही हैं. कहा कि करम पर्व सात दिनों का होता है. जिसमे पांचवां दिन नहाय खाय और छठा दिन उपवास के साथ करम डाल की पूजा व पारंपरिक नृत्य किया जाता है. सातवें दिन करम डाल को नदी या तालाब में प्रवाहित कर भाई को प्रसाद के रूप में खीरा और चना देकर रक्षा सूत्र बांधती हैं, उसके बाद पारन करती है. सुमन देवी , शिला देवी , पूर्णिमा देवी और गीता देवी ने बताया कि करम पर्व भाई बहन के प्यार के साथ-साथ सृष्टि का पर्व भी माना जाता है.क्योंकि इस संसार में कर्म ही धर्म है और धर्म ही कर्म है.उन्होंने कहा कि करम वृक्ष को हमलोग आराध्य देव के रूप में मानते हैं और उसे हम अपने आंगन या घर में लाते है. जावा फूल के बीच रखकर उसकी पूजा करते हैं .ताकि भाई की लंबी आयु के साथ-साथ करम वृक्ष की भी लंबी आयु हो और 24 घंटा ऑक्सीजन देता रहे.

## करम पर्व पर नृत्य-संगीत प्रतियोगिता, विजेता-उपविजेता को किया पुरस्कृत

**टुंडी।** पूर्वी टुंडी के केंदुआटांड . गांव में करम पर्व के अवसर पर करम गीत और नृत्य-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . प्रतियोगिता में आसपास के कुल 15 गांवों की टीमों ने भाग लिया . प्रथम स्थान आसनमानडीह की टीम ने हासिल की . द्वितीय स्थान जोजोडीह, तृतीय स्थान हेसाडीह और चतुर्थ स्थान जनमडीह गांव की टीम ने प्राप्त की . प्रतियोगिता के



मुख्य अतिथि झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक थे . उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया . अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंड की भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए इस तरह के प्रतियोगिता को बढ़ावा देने की जरूरत है . यह पर्व भाई-बहन के बीच आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है . इस त्योहार में प्रकृति व मानव के बीच जीवंत रिश्ते की झलक दिखलाई पड़ती है . इस तरह के त्योहार से समाज में आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम रहता है .

## झींझी पहाड़ी शिव मंदिर में करम पूजा

**कतरास।** पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी झींझी पहाड़ी शिव मंदिर प्रांगण में करम महोत्सव का भव्य आयोजन बिनोद बिहारी महतो स्मृति कला सांस्कृतिक संस्थान,झींझी पहाड़ी के तत्वावधान में किया गया . झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की . सर्वप्रथम बिनोद बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर करम महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद राजा ने किया . इस अवसर पर बूढ़ा बाबा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाज सेवी लखन महतो, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो मजदूर नेता साधन महतो,पंचायत समिति,झींझी पहाड़ी प्रतिनिधि अर्जुन महतो,पंडित महतो,काली दत्ता,शिक्षक मोती लाल महतो,माणिक महतो, ग्रामीण नेपाल महतो,दिनेश महतो, मनतोष महतो एवं सैकड़ों महिला-पुरूषों ने बिनोद बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित किए .

## महुदा क्षेत्र में करमा महोत्सव

महुदा। महुदा क्षेत्र के गांवों में करमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है . महिलाएं शनिवार को नए वस्त्र पहनकर करम डाली को फूलों से सजाकर दोपहर से रात भर तक नृत्य गान करती है . कहीं-कहीं डीजे साउण्ड लगाकर करमा गीत पर नृत्य होता रहा .बताते दें कि पूरे गाँव में मेला जैसा खुशियां छाई रही . महोत्सव सात दिन पहले से शुरुआत होती है . तब से प्रतिदिन करम डाली मंदिर या सार्वजनिक स्थान पर रखकर महिलाएं नृत्य गान करती है . रात भर पर्व मनाने के पश्चात सुबह करम डाली को तालाब में ले जाकर विसर्जन कर देती हैं . स्नान करने के पश्चात घर में अपने भाई, चचेरे भाई को पीला धागा बांधती है . कई गांवों में सुबह से शाम तक चूल्हा तक नहीं जलता है . भोजन अहले सुबह 3 :00 बजे तक बनाकर रख लेता है और वही भोजन दिन भर खाया जाता है .

# जोगता थाना क्षेत्र के बेलदारिया में 40 हजार रुपये की लूट

## वारदात को अंजाम देने में खराब हो गई लुटेरों की बाइक

- बाइक छोड़कर दूसरी बाइक से भागे अपराधी
- बाइक की डिक्की में मिले दो जिंदा बम

**संवाददाता । कतरास**








जोगता थाना क्षेत्र के बेलदारिया बस्ती के आगे पंजाबी मोड़ से पूर्व सुनसान स्थान पर कतरास से तगादा कर लौट रहे बाइक सवार रवि साव व जितेन्द्र गोस्वामी से लुटेरों ने लगभग 40 हजार से लूट लिया. वारदात को अंजाम देकर भागने के क्रम में एक अपराधी का बाइक खराब हो गया था, जिसे छोड़कर अपराधी दूसरे बाइक से भाग गए. मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. छिनतई कर भागने के क्रम में अपराधी का बाइक हुआ खराब होने से छोड़ी गई बाइक की जांच की गई तो बाइक की डिक्की से 2 बम बरामद किया गया. भुक्तभोगी कतरास से तगादा कर धनबाद मनईटांड लौट रहा था, तभी अपराधियों ने उसका पीछाकर कर हथियार के बल पर उक्त घटना को अंजाम दिया. भुक्तभोगी ने बताया कि अपराधी नया मोड़ से ही उनका पीछा कर रहा था. पीड़ित पीएनजी कंपनी के अधिकारी बताये जा रहे हैं. रवि साव व जितेन्द्र गोस्वामी को उपचार के लिये जोगता पुलिस ने अस्पताल भेज दिया है. घटना के बाद चौक चौराहे में जांच अभियान लगा दिया है. चौक-चौराहों पर पुलिस की चेकिंग की जा रही है.

## सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता । निरसा बाजार**

इसीएल मुगमा क्षेत्र के क्षेत्रीय सभागार कक्ष में क्षेत्र के विभिन्न कोलियरी से अगस्त 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले 12 कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्रीसंता कुमार चौधरी ने 15 अगस्त के समारोह में यह घोषणा की थी कि मुगमा क्षेत्र से शिवाजी सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह प्रत्येक माह में एक ही छत के नीचे किया जाएगा. इसी कड़ी में आज यह कार्यक्रम रखा गया. मौके पर मुगमा क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगण, कल्याण समिति के सम्मानित सदस्यगण, विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष, सभी कोलियरी के कार्मिक प्रबंधक, मुगमा क्षेत्र के कार्मिक विभाग के कर्मचारी एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे.महाप्रबंधक ने सभी सेवा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को



एक फूल का माला पहनाने के साथ – साथ उत्तरी, लेटर ऑफ रेकॉगनिसन, सेवानिवृत्त पहचान पत्र, फोल्डर फाइल एवं मिठाई पैकेट दिये. इस अवसर पर महाप्रबंधक का साथ देने के लिए संयुक्त सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगण, कल्याण समिति के सम्मानित सदस्यगण एवं विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे.महाप्रबंधक ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृत्त होने के पश्चात मिलने वाली राशि को सुरक्षित रखने का सलाह दिये एवं पूरे मुगमा परिवार के तरफ से उनकी लंबी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन कि कामना की.

### सेल चासनाला कोलियरी
## हिंदी पखवारा शुरू

**चासनाला.** सेल-बीएसएल कोलियरी चासनाला में शनिवार को हिंदी दिवस व राजभाषा पखवाड़ा का ऑनलाइन शुभारंभ सेल-कोलियरीज डिवीजन व सीसीएसओ के कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार ने किया. इस दौरान अनूप कुमार ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी भाषा ही नहीं हमारी पहचान है. देश को एक जुट करने में हिंदी अहम भूमिका निभाती है. हिंदी देश के बुहुसंख्यक आबादी का प्राण वायु है. हिंदी दिवस के अवसर पर सेल-चासनाला के राजभाषा विभाग की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों, कर्मियों, अधिकारियों, महिलाओं एवं समाज के लोगो के लिए कई प्रतियोगिताए आयोजित की जा रही हैं. जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपनी प्रतिभा को सामने लाने का मौका मिलेगा. जहां निम्नलिखित कार्यक्रम राजभाषा अधिकारी कृष्ण मुरारी तिवारी की अध्यक्षता में होगा.

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी के सामने नवनीत नीरज ने पेश की दावेदारी



**संवाददाता । धनबाद**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोंडानकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूर्व विधायक पूनम पासवान के सामने धनबाद परिषदन में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने अपना बायोडाटा और मजबूत दावेदारी पेश की. नवनीत नीरज ने कहा कि उनके 37 साल के राजनीतिक करियर में पार्टी द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी को उन्होंने ईमानदारी से पूरा किया है.आगे भी पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, वे उसे पूरा करेंगे. बता दें कि शुक्रवार की देर रात तक स्क्रीनिंग कमिटी धनबाद में दावेदारों से विचार विमर्श करती रही. इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव दिनेश सिंह, सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, विजय कुमार सिंह, नयन कुमार सिंह, सौरभ ओझा, बबलू ठाकुर, देवेंद्र यादव सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## हलवाई वैश्य युवा मंच ने मनाई बाबा गणिनाथ जयंती

**संवाददाता । कतरास**

शनिवार को कतरास राजगंज रोड स्थित राजस्थानी धर्मशाला कतरास में हलवाई वैश्य युवा मंच कतरास के द्वारा धूमधाम से बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर कांग्रेस नेता रोहित यादव मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे. हलवाई वैश्य युवा मंच के कृष्ण कुमार गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर व मुकेश गुप्ता ने पगड़ी पहनकर रोहित यादव को सम्मानित किया. युवा मंच के अन्य सदस्यों ने बुके देकर कांग्रेसी नेता रोहित यादव का स्वागत किया. वक्ताओं ने हलवाई वैश्य समाज को एकजुट होकर रहने तथा समाज के लोगों को सहयोग करने पर जोर दिया. समाज के लोगों ने नई मंदिर का निर्माण करने का मामला भी उठाया. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रोहित



यादव ने कहा कि आज का कार्यक्रम एक परिवार का कार्यक्रम जैसा प्रतीत हो रहा है. यह पूरी तरह से शांतिपूर्ण और अनुशासित है. बाबा गणिनाथ हलवाई वैश्य समाज के कुल देवता हैं. आज उनके जयंती के अवसर पर सभी यहां एकत्रित हुए हैं. यह एकता हमेशा बनी रहनी चाहिए. कहा कि हलवाई वैश्य समाज के लिए वह हमेशा खड़े हैं. समाज को जब भी मेरी आवश्यकता होगी हम समाज के विकास और उत्थान के लिए हमेशा तैयार है. रोहित यादव ने कहा कि समाज के लोगों ने जिस प्रकार उनका स्वागत और मान सम्मान किया उससे अभिभूत हूं. उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में समाज की छोटी-छोटी बच्चियों ने अपना नृत्य प्रदर्शन कर अपनी कला भी दिखाई. मौके पर रामबचन पासवान, पप्पू दुबे,जावेद रजा, सोनु शर्मा, मुकेश गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, शंकर गुप्ता राजेश गुप्ता, शंकर देशवासी ,महावीर देशवासी अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## शिवम कुमार ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

- इलाके के लिए बड़ी उपलब्धि, खेल प्रेमियों में हर्ष व्याप्त

**संवाददाता । गोमो**

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा बंगलोर के जालहाली एयरफोर्स स्टेशन में आयोजित 53 वें राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता-2024 में केंद्रीय विद्यालय गोमो के शिक्षक शिवम कुमार ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया है. चैंपियनशिप में उन्हें गोल्ड मेडल हासिल होने की सूचना मिलने पर गोमो के खेल प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है. बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है. लोग शिवम के माता-पिता और उनके कोच नागेशवर नायक के घर जाकर बधाई दे रहे हैं. उनकी जीत इस क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. शिवम कुमार के पिता का नाम विनोद ठाकुर है. बधाई देने



वालों में जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक, भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी, प्राचार्य विभूति भूषण पांडेय, शिक्षक रविंद्र महतो, पुनीत रजक और राजा कुणाल ने शिवम कुमार को बधाई दी है.

# वर्तमान दौर में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व बढ़ा : कुलपति डॉ. रामकुमार

**संवाददाता । गोविंदपुर**

सामाजिक संस्था विकास फोरम के 29 वे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व एवं महत्व बढ़ा है . दलगत राजनीति से हटकर सामाजिक संस्थाएं बेहतर कर रही है. उन्होंने पिछले 29 वर्षों से बगैर किसी सरकारी सहायता सहायता के सामाजिक कार्यों में लगे रहने के लिए विकास फोरम के पदाधिकारियो एवं सदस्यों की सराहना की. इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद के प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा राय एवं यूरोलॉजिस्ट डॉ गौरव प्रकाश तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय



योगदान के लिए प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह एवं फोरम के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सदस्य सुरेश कुमार चौधरी को प्रशस्ति पत्र, शाल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया. मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया . अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी, संचालन कृष्ण प्रसाद गिरि एवं विकास कुमार सिन्हा, स्वागत भाषण एवं सचिवीय प्रतिवेदन एसएन लाल त्यागी, वार्षिक पत्रिका विकास पथ का लोकार्पण संगीतानाथ व कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने किया . मुख्य वक्ता कवि श्री राम दुबे ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ के विश्वास, संरक्षक डॉ संगीता करण एवं पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह ने संस्था के कार्यों की सराहना की ओर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया. मौके पर शिक्षक नेता नीलकंठ मंडल, संजय कुमार, राजकुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद मिर्धा, शंकर रविदास, प्रो एसएस गिरि, विनोद आनंद, जयप्रकाश मिश्रा, अशोक मंडल, रति रंजन गिरि, उज्जवल मंडल, रामाकांत सिंह, नुसरत प्रवीण, बैजनाथ राम, निर्मल सिंह, विमल शर्मा, किसन महाराज समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे. इस अवसर पर क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल, जीनियस पब्लिक स्कूल व मवि सुगना शहरपुरा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये.

## कलवार समाज की शोभायात्रा बलभद्र-सहस्त्रार्जुन के जयकारे




**संवाददाता । धनबाद**

कलवार वैश्य जागृति मंच की ओर से शनिवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में भगवान बलभद्र और सहस्त्रार्जुन पूजन का आयोजन हुआ. इससे पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल से कला भवन होते हुए पुनः टाउन हॉल आकर समाप्त हुई. रथ पर सवार बलभद्र व सहस्त्रार्जुन की तस्वीर और हाथ में पितांबर ध्वज लिए समाज के लोग बैंड-बाजा के साथ जय बलभद्र के जयकारे लगा रहे थे. शोभायात्रा के बाद टाउन हॉल में समारोह आयोजन हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग न्यू दिल्ली की सदस्य ममता कुमारी उपस्थित थीं. कार्यक्रम में धनबाद के अलावे दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, रांची आदि जिलों से भी समाज के कई गणमान्य लोग पहुंचे. कार्यक्रम में मौजूद भृगुनाथ भगत ने कहा कि भगवान बलभद्र और सहस्त्रार्जुन की जयंती के मौके पर पिछले 7 वर्षों से कलवार वैश्य जागृति मंच की ओर से धनबाद के न्यूटन हाल में कार्यक्रम किया जा रहा है .जिसमें प्रदेश अस्तर के नेता सहित डॉक्टर और इंजीनियर भी उपस्थित होते हैं . उक्त कार्यक्रम समाज के उत्थान के लिए किया जाता है. जिसमें शादी विवाह, महिलाओं को हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ाया जाय ,बेटी पढ़ाओ बेटी-बचाव ,दहेज प्रथा पर पूरी तरह अंकुश लगाने आदि विषयों पर चर्चा की जाती है.







## ब्रीफ खबरें

### बोकारो से पटना के लिए अब चार दिन वंदे भारत ट्रेन

**बोकारो।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटा नगर से टाटा-पटना-टाटा वन्दे भारत एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखा के आरंभ करेंगे. ये ट्रेन बोकारो स्टील सिटी के रास्ते प्रत्येक बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को गुजरेगी. धनबाद सांसद ढुल्लू महतो वंदे भारत ट्रेन को बोकारो स्टील सिटी स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर पटना के लिया रवाना करेंगे. इसके साथ ही बोकारो से पटना जाने के लिए सप्ताह में चार दिन वंदे भारत ट्रेन का परिचालन आरंभ हो जायेगा. रेलवे ने इस संबंध में समय सरिणी जारी कर दी है.

### दहेज हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** पुलिस ने दहेज के चलते महिला की हत्या के एक मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जिरवाबाड़ी थाना में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 60/24 का आरोपी अपने ससुराल सकरीगली भागियामारी आया हुआ है. एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया. टीम ने छापेमारी कर तालझारी थाना क्षेत्र के बोहा निवासी आरोपी राजन कुमार सिंह उर्फ राजन कुमार उम्र 24 को दबोच लिया. इस छापामारी दल में शामिल पुअनि अनीश कुमार पांडेय, लव कुमार, दशरथ जामुदा, आरक्षी महेंद्र यादव मौजूद थे.

### बच्चों में नृत्य व गायन प्रतियोगिता

**देवघर।** 24 प्रभात संगीत दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों का नृत्य एवं गायन की प्रतियोगिता आनंद मार्ग प्रचारक संघ के द्वारा आयोजित की गई. सर्वप्रथम परमपिता श्री श्री आनंदमूर्ति जी को आर यू रावा सचिव आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, रीजनल सचिव आचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत, डायसीस सचिव आचार्य ब्रजदत्तानंद अवधूत, संप्रीती आचार्या एवं भुक्तिप्रधान जगदीश जी ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की. इसके बाद प्रथम प्रभात संगीत बंधु है निए चलो के गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. नृत्य प्रतियोगिता में सीनियर का प्रथम पुरस्कार अनामिका, द्वितीय पुरस्कार येश्री एवं तृतीय पुरस्कार परी को दिया गया. जूनियर का प्रथम पुरस्कार तनवी, द्वितीय पुरस्कार काव्या एवं तृतीय पुरस्कार तन्मय को दिया गया.

### संत कोलम्बस स्कूल में कविता वाचन प्रतियोगिता

**देवघर।** हिंदी दिवस के अवसर पर बिलासी टाउन अवस्थित संत कोलम्बस स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि प्रमेश कुमार वर्मा, संपादक, शहर परिक्रमा के साथ संत कोलम्बस स्कूल के प्राचार्य गौरव शंकर, व्यवस्थापक वैभव शंकर, परिकल्पना फाउंडेशन की सचिव नीलिमा सिंह के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित थे. मौके पर मुख्य अतिथि प्रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि जैसे कुछ लोग अपने दैनिक क्रिया के लिए दाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोग बाएँ हाथ का. उसी प्रकार लोग संवाद स्थापित करने के लिए अलग-अलग भाषाओं का चयन करते हैं, लेकिन इतने विविधताओं वाले हमारे देश में हिंदी ही है, जो हमें एक सूत्र में पिरोती है. इसलिए हिंदी पर हमें गर्व होना चाहिए और हिंदी अपनाना चाहिए. अंत में कविता वाचन प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई. जिसमें जूनियर ग्रुप में मनीषा कुमारी प्रथम, यश मिश्रा द्वितीय और श्रेष्ठ राज तृतीय रहे. वहीं सीनियर ग्रुप में अंशिका राज प्रथम, रिया पाण्डेय द्वितीय और खुशबु कुमारी तृतीय रहे. सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण-पत्र दिया गया.

### देवघर जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष का अभिवादन

**देवघर।** जिला वॉलीबाल संघ के पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष ध्रुव सिंह को पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया. अध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कहा कि भविष्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए जिला स्तरीय खेल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वॉलीबाल को बढ़ावा देने का काम करेंगे. इस मौके पर वॉलीबाल संघ के वरिष्ट उपाध्यक्ष संजय मालवीय, उपाध्यक्ष सुधारक चौधरी, सह कोषाध्यक्ष बंटी नंदन सिंह, संयुक्त सचिव आशुतोष कुमार और प्रीतम भारद्वाज मौजूद थे.

# हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है : ऋचा प्रियदर्शिनी

**संवाददाता। बोकारो**

**हिन्दी दिवस पर विशेष**

हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है. हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है. हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है. विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा भी है. 14 सितंबर 1946 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया. पहली बार आधिकारिक तौर पर 14 सितंबर 1953 को हिंदी दिवस मनाया गया.

हिन्दी दिवस पर समाजसेवी, साहित्यकार और कवयित्री ऋचा प्रियदर्शिनी ने कहा कि अधिकांश भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है. 14 सितंबर को इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है. भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं.

डीएवी स्कूल की शिक्षिका, कवियत्री गीता कुमारी ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है. यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है. एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है.

गृहणी और कवयित्री अमृता शर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर हमें अपनी भाषा का सम्मान करने और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ लेनी चाहिए. हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलतावाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है.



काव्य व गद्य में रुचि रखने वाली और कवियत्री ज्योति वर्मा ने कहा कि हिंदी को हिंदुस्तान की पहचान के रूप में भी जाना जा सकता है. भारत में सैकड़ों भाषा व लिपि बोली-पढ़ी जाती हैं, लेकिन हिंदी राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है. हिन्दी महज एक भाषा ही नहीं बल्कि विविधताओं के बावजूद भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है.

गुरू गोविंद स्कूल की शिक्षिका, रचनाकार व कवियत्री क्रांति श्रीवास्तवा ने कहा कि हिंदी केवल हमारी राजभाषा नही, बल्कि हमारे विचारों और हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति है, उसका एक दर्पण है. राष्ट्र का विकास हिंदी की विकास से जुड़ा है. हिंदी भाषा अनेकता में एकता को, स्थापित करने की सूत्रधार है. हिंदी समृद्ध भाषा और हमारा गौरव है. हिन्दी भाषा एक संस्कृति और देश वासियों को एकता की सूत्रधार है, हिंदी भाषा हमारी पहचान है.

नृत्य शिक्षिका व कवियत्री सोनी कुमारी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी हिन्दी वसुधैव कुटुंबकम का आदर्श पूरी दुनिया में फैला रही है. हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. आइये हिन्दी बोलें, हिन्दी सीखें और सिखायें.

### बाइक के धक्के से महिला घायल, कार की चपेट में आया युवक



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के भुराई में सड़क किनारे खड़ी महिला सुनीता देवी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी. दुघर्टना में महिला समेत बाइक सवार भी घायल हो गया. घटना शुक्रवार रात की है. स्थानीय लोग घायल महिला को अस्पताल ले जाने की तैयारी में जुट गए. पास में ही रहने वाले युवक उपेंद्र यादव ने महिला को अस्पताल ले जाने के लिए अपनी बाइक निकाली. तभी गांवा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें उपेंद्र यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद 108 एंबुलेंस से महिला व युवक को तिसरी सीएचसी भेजा गया. वहां डॉक्टरों ने उपेंद्र यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. इधर, महिला को धक्का मारने वाला बाइक सवार मौका पाकर भाग निकला. जबकि ग्रामीणों ने कार को पकड़ लिया. सूचना मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर थाना ले गई.

### हिंदी दिवस पर चिम्मया स्कूल में काव्य गोष्ठी



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय सेक्टर पांच के समिति कक्ष में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कोषाध्यक्ष आर.एन.मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नर्मेंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया. शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि माता, मातृभूमि और मातृभाषा का सम्मान हमें हमेशा करना चाहिए. हिंदी हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना से उत्प्रेरित भी करती है. भारत की भाषाई विविधता को जोड़ने का माध्यम हिंदी है. हिंदी समावेशी, सरल और स्पष्ट भाषा है. मल्लिक ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए. वरीय अध्यापिका डॉ. नमिता शर्मा की स्व रचित देश भक्ति कविता से काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई. गोष्ठी में पूजा सिंह, मनोज तिवारी, अल्पना सिंह, आरती कुमारी, अभिनव बर्मन, आभा सिंह, रीना सिंह, अंकिता पाठक ने अपनी स्व रचित कविता से काव्य बयार बहाई. मंच संचालन डॉली झा और धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभागाध्यक्ष पूजा सिंह ने किया.

## बोकारो में बीएसएल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

# बीएसएल प्रबंधन को पीआरपी भुगतान करना होगाः हरिओम

**संवाददाता। बोकारो**

प्रोडक्शन रिलेटेड पे की मांग को लेकर बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के बैनर तले हॉट स्ट्रिप मिल में कार्यरत कार्मिकों ने मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया.

यूनियन ने तीन चरणों के अपने आंदोलन के पहले चरण में प्रत्येक विभाग के समक्ष अपना प्रदर्शन का निर्णय लिया था, जिसकी शुरुआत हॉट स्ट्रिप मिल से की गई. यूनियन का कार्यक्रम पहला चरण में सभी प्रमुख विभागों के समक्ष शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, दूसरा चरण में मजदूर मैदान से लेकर प्रशासनिक भवन तक उग्र मशाल जुलूस, तीसरा चरण में हड़ताल है.

भारी बारिश के बावजूद कार्मिकों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एकत्र हुए और प्रोडक्शन रिलेटेड पे की मांग को बुलंद किया.



अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि तालिबानी फरमान के तहत मनमाने ढंग से दिए जाने वाले बोनस की परिपाटी बंद कर प्रोडक्शन रिलेटेड पे बीएसएल/सेल कार्मिकों का अधिकार है. क्रुड स्टील उत्पादन का 70% हिस्सा तथा एबिटा के 30% हिस्सा को मिलाकर 187352 रुपया प्रति बीएसएल तथा सेल कर्मचारी को प्रोडक्शन रिलेटेड पे का भुगतान करना होगा.

महासचिव दिलीप कुमार ने कहा कि किसी की पैतृक कंपनी नहीं है कि प्रबंधन जो मन करे वही सही होगा. अब कर्मचारी भी अखिल भारतीय परीक्षा के माध्यम से आ रहे हैं, अतः वेज रीविजन से लेकर बोनस हमारा अधिकार है, हम इसे लेकर रहेंगे. यूनियन ने इस संबंध में निदेशक कार्मिक सेल को पत्र लिखकर प्रोडक्शन रिलेटेड पे के लिए मांग पत्र दिया है.

### बेंगाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** ईद मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर बेंगाबाद थाना के स्वागत कक्ष में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता बेंगाबाद अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शिनी ने की. इंसपेक्टर ममता कुमारी, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह संयुक्त रूप से मौजूद थे. बैठक में कई मामलों को लेकर चर्चा की गई. मो साहेब के जन्मदिन के अक्सर पर क्षेत्र में जुलूस निकाला जाती है. जिसमें बाइकर्स को तेज गति से जुलूस में नहीं चलाने को लेकर निर्देश दिया गया. इस पर अंकुश लगनी चाहिए, साथ ही कहा कि मो साहेब का जन्म की खुशी पर यह त्योहार मनाया जाता है. जन्मदिन पर जिस प्रकार लोग शांति के माहौल में जन्मदिवस मानते हैं, उसी प्रकार इस त्योहार को मनाया जाना चाहिए. तब ही उनकी सच्ची जन्मदिन साबित हो सकता है. इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष मो शमीम ने कहा कि मो साहेब के जन्मोत्सव में लोगों का काफी खुशियां रहती है. इस त्योहार में मुख्य रूप से लोग मस्जिद जाते हैं और मो साहेब के पास आरजू विनती करते हैं और उनके दिए गए संदेश पर लोग चलते हैं. मौके पर मो शमीम, मो मिनसार, मुखिया लुप्पी बारीक अंसारी, हेमराज साह, जिला परिषद सदस्य केदार हाजरा, सुरेंद्र लाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### प्रखंड प्रमुख ने किया पेवर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास



**कथारा।** बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कथारा बोडिया उत्तरी पंचायत में शनिवार को बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य का शिलान्यास किया. शिलान्यास से पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गई. तत्पश्चात बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी के हाथों फिता काटकर निर्माण का शुभारंभ किया गया. उक्त योजना सगीना महतो के घर से होते हुए तिलवा देवी के घर तक किया जाना है. जहां पत्रकारों को जानकारी देते हुए प्रमुख ने बताया कि 2 लाख 49 हजार की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण करना है, जो पंचायत समिति सदस्य सोनामती देवी के अनुशंसा पर किया गया. आगे उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पयदान तक के लोगों को मिले तथा पंचायत व क्षेत्र को विकास की गति मिले, इसको लेकर सदैव प्रयासरत रहती हूं और आगे भी निरंतर जारी रहेगा. मौके पर झामुमो नेता दशरथ महतो सहित दर्जनों महिलाएं मुख्य रूप से मौजूद थीं.

### कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में हिंदी दिवस



**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सी. बी. तिवारी, स्टाफ ऑफिसर (सुरक्षा) उपस्थित थे. कार्यक्रम में जीएम ऑफिस के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. जिनमें जी. पी. मंडल, प्रबंधक (कार्मिक), चंदन कुमार, उप प्रबंधक (सीएसआर) और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख थे. मुख्य अतिथि सी. बी. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी सिर्फ हमारी भाषा नहीं है, यह हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे राष्ट्र का गौरव है. अंग्रेजी को सीखना आवश्यक हो सकता है, परंतु अपनी मातृभाषा का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है. हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करके हम अपने कार्यों में सरलता और सुलभता ला सकते हैं. यह हमारी मातृभाषा है, जिसे हमें प्रोत्साहित करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी इससे जोड़ना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन सूर्य प्रताप सिंह, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) ने किया. हिंदी माह के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी इस अवसर पर साझा की गई. इन कार्यक्रमों में निबंध प्रतियोगिता, काव्य पाठ, हिंदी पखवाड़ा, और हिंदी कार्यशाला शामिल हैं. कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने हिंदी को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक उपयोग करने का संकल्प लिया. सभी उपस्थित लोगों ने हिंदी दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अपने योगदान की प्रतिबद्धता दोहराई.

# राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा का प्रथम महाधिवेशन सम्पन्न

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**

राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा का प्रथम महाधिवेशन शनिवार को बस स्टैंड के समीप संपन्न हुआ. अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मोबीन रिजवी ने किया. अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि खनिज संपदाओं से परिपूर्ण झारखंड राज्य 24 वर्षों की युवा अवस्था प्राप्त कर लिया है, लेकिन इन दो दशक के काल खण्ड में झारखंड लूट खंड बन गया है. यूं कहें तो

झारखंड भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है, बेरोजगारों की लंबी फौज एवं आजीविका के जुगाड़ में मजदूरों का पलायन राज्य का दुख ब्यां कर रहा है. जबकि राज्य से लाखों युवतियां दूसरे राज्यों में आया का काम करने को मजबूर हैं. जबकि 24 वर्षों में मात्र 10 बार ही सूबे में जेपीएससी की परीक्षा हो पाई है और उसमें भी कई परीक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है. वहीं वर्तमान की हेमंत सरकार अपने



वायदे से मुकर गयी है. वक्ताओं ने कहा कि राज्य में मुस्लिमों के सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं न्यायिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है. जिस पर मंथन करने की आवश्यकता है. कहा कि ऊंची जातियों के साथ-साथ विभिन्न जाति के गरीब परिवारों के उत्थान के लिए विशेष बजट का प्रावधान सरकारों को करनी चाहिए. इ

स दौरान राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा (राजमो) के संस्थापक मिस्टर आलम, महासचिव अशोक कुमार जैन, महमूद आलम, अजमत हुसैन, राष्ट्रीय सचिव एजाज खान, संगठन सचिव सोहेल कुरैशी एवं महिला मोर्चा की संयोजक कलावती देवी आदि उपस्थित थे.

### पीरटांड़ में करमा पूजा की धूम



**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड प्रखड़ के विभिन्न पंचायतों में करमा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है. यह पर्व बहनें अपने भाइयों के लिए करती हैं. करमा पर्व भाई-बहन के सद्भाव, स्नेह और प्रेम का प्रतीक है. यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को मनाया जाता है. इस पर्व का इंतजार कुंवारी व विवाहित बहनों को बेसब्री से रहता है, क्योंकि विवाहित बहनें कर्मा की पूजा करने के लिए अपनी ससुराल से एक सप्ताह पहले ही मायके पहुंचती हैं और करमा पूजा की तैयारी में जुट जाती है. करमा के लोकगीतों में भाई-बहनों के स्नेह, प्यार, खुशी, दर्द व पीड़ा झलकती है . इस पर्व की एक अनोखी कहानी है जो प्रकृति से जुड़ी है. इसमें कर्मा कर्म और धर्मा धर्म पर आधारित होता है. इस त्योहार में मुख्य रूप से कुंवारी कन्याएं व्रत रखती हैं, जिसे उसालीन भी कहा जाता है. भाई की सलामती के लिए बहनें करमा पूजा करती हैं. करम वृक्ष की पूजा कर बहनें भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं. करम पूजा रक्षाबंधन की तर्ज पर ही आधारित है. व्रत के बाद बहन भाई को सबसे पहले प्रसाद खिलाती है. भाई के लिए बहनें कई गीत गाती हैं, जिनमें उनकी लंबी आयु की कामना की जाती है. करम पूजा का सही अर्थ विश्वास और भावना से जुड़ा है.

# ककर करम, अपन करम, भैया धरम

**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)।**

भाई बहनों का त्योहार करमा व एकादशी पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है. विवाहित बहने अपनी-अपनी ससुराल से कर्म पूजा करने के लिए मायके पहुंच चुकी है. सुबह शाम लोकगीत व करमा गीत से क्षेत्र गंजेमन हो रहा है. सुबह शाम करमा गीत यही खेल खेलेंगे नैहरा में, एकादशी क्रम में रनु झुनू घंटियां बाजे रे, भइया सक्षम गोड़ा तोरा लागी हिइओ धरती मइया है, हमर जावा रक्षा करया है, भारतीय मैया आदि गीतों से क्षेत्र गूंज रहा है.



**करमा पर्व से जुड़ी कई कहानियां**

इस पर्व को मनाने के पीछे पौराणिक कथा कर्मा और धर्मा नामक दो भाइयों से जुड़ी है. कहा जाता है कि दोनों भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए अपनी जान को दाव पर लगा दिया था. दोनों भाई काफी गरीब थे. उनकी बहन बचपन से ही भगवान से उनके सुख समृद्धि की कामना करती थी. बहन द्वारा किए गए तब के कारण ही दोनों भाइयों के घर में सुख समृद्धि आई थी. इस एहसान का बदला चुकाने के लिए दोनों भाइयों ने दुश्मनों से अपनी बहन की रक्षा करने के लिए जान तक गवा दी थी. इस पर्व की परंपरा यही से मनाने की शुरुआत हुई थी. इस त्योहार से जुड़ी दोनों भाइयों के संबंध में एक और कहानी है, जिसके मुताबिक एक बार कर्मा परदेश गया और वहीं जाकर व्यापार में रम गया. बहुत दिनों बाद जब वह घर लौटा तो उसने देखा कि उसका छोटा भाई धरमा कर डाली की पूजा में लीन है. धर्म ने अपने बड़े भाई की लौट आने पर कोई खुशी जाहिर नहीं कि यहां तक कि वह पूजा में ही लीन रहा. इससे करवा क्रोधित हो गया और करमडाली, धूप नैवेद आदि को फेंक दिया और भाई के साथ झगड़ने लगा. मगर धरमा सब कुछ चुपचाप सहता रहा. वक्त बीतता गया और कर्मा को देवता का कोप भाजन बनना पड़ा. उसकी सारी सुख समृद्धि खत्म हो गई. आखिरकार धर्मा को दया आ गई और उसने अपनी बहन के साथ देवता से प्रार्थना किया कि उसके भाई को क्षमा कर दिया जाए. दोनों की प्रार्थना ईश्वर ने सुन ली और एक रात कर्मा को देवता ने स्वप्न देखकर करम डाली की पूजा करने को कहा. कर्मा ने ठीक वैसा ही किया और उसकी सारी सुख समृद्धि वापस आ गई. हालांकि कर्म धर्म से जुड़ी कई और कहानियां भी प्रचलित है. आधुनिकता के तमाम तामझाम के बावजूद इस पर्व की गरिमा आज भी बरकरार है.

**सात बार जावा को जगाए जाने की है परंपरा**

करमा पर्व व एकादशी करने वाले भाई बहन संजोत के दिन नदियों में जाकर स्नान करते हैं. इसके बाद अपने-अपने कर्म के अखाड़े में पूजा अर्चना करेंगे. संजोत के दिन भाई बहने कर्मा के जावा को पांच बार परिक्रमा कर जगाएं. करमा गीत के साथ नृत्य करते हैं.

वहीं सात बार जावा को जगाएंगे एवं पूजा अर्चना करेंगे. शाम में फूल लोहारन करेंगे यानी धान के खेत में जाकर विभिन्न तरह के फूल और फलों को तोड़कर लेंगे. खीरा, ककड़ी, चना सहित विभिन्न तरह के फल को इकट्ठा करेंगे. देर शाम तक अखाड़े में कर्म की डाली लगाई जाएगी. इसके बाद लोक कथा व लोकगीत के साथ भाई-बहन पूजा करेंगे. पूजा के दौरान भाई-बहन एक दूसरे से पूछेंगे कि किसका करम अपना कर्म भैया का धर्म. तब एक दूसरे से खीरा से पीठ में ठोकेंगे. सुबह में दोबारा भाई-बहन पूजासना करेंगे. इसके बाद नदी और तालाब में कर्म की डाली को विसर्जन करेंगे.

## डीएवी पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस पर बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# हिन्दी हमारा इतिहास, हमारी संस्कृति व पहचान है : अनुराधा




**संवाददाता। बोकारो**

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर छोटे बच्चों ने काव्य पाठ कर सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम का संचालन दो सत्रों में हुआ. पहले सत्र में विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ किया, जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया. दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने हिंदी काव्य पाठ का आयोजन किया, जिसमें प्रणया सिंह सोलंकी, आद्या कुमारी, वेदांत सिंह, मैत्रेयी झा, कौस्तुभ, शानवी अम्बष्ठ, प्रेरणा महतो और आदर्शी राजे ने अपनी कविताओं का सस्वर वाचन किया.

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने सभी बाल कवियों की प्रशंसा की और हिंदी भाषा के महत्व को बताया. उन्होंने बच्चों को हिंदी के प्रति सम्मान और दैनिक व्यवहार में इसका प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया. हिंदी विभाग के शिक्षक बी एस झा, अखिलेश कुमार और नीलम झा ने राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत कविता की प्रस्तुति से विद्यार्थियों को मंत्र मुग्ध किया. शांति पाठ के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ.

इस अवसर पर शिक्षिका सरोज सिंह, विभा झा, ममता कुमारी, झूमा चक्रवर्ती, अखिलेश कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे.

"यह चावल भी एक मुसीबत है. इन दिनों चावल का दाम बढ़ता ही जा रहा है.. बाजार के इस भाव को जैसे पंख लग गये हैं. वह ऊंचे-से-ऊंचे उड़ता जा रहा है. गिद्ध की तरह बाजार भाव आसमान की ऊंचाई को नाप रहा है. जनता है, वह दिन-दिन पाताल की ओर गहराई को नापती जा रही है. -राधाकृष्ण (कहानी 'मूल्य' से)"



जयंती (18 सितंबर) पर विशेष

# राधाकृष्ण - कलम की कलायात्रा के हमवतन



आनन्द
सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड, रांची

आजादी मिलने के बाद की संभावनाओं की चिंता हमारे राष्ट्रनिर्माताओं को थी. यहां की भाषा विविधता, सांस्कृतिक बहुलता, धार्मिकता के बीच अनेकता में एकता और आजादी के आंदोलन की पंथनिरपेक्षता को बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती थी. इसी परिप्रेक्ष्य में हम राधाकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन करते हैं. 1940 के रामगढ कांग्रेस के जनसम्पर्क प्रभारी से लेकर आजादी की लड़ाई के प्रकाशनों, भारत छोडो आन्दोलन की पृष्ठभूमि में नाटकों का लेखन-निर्देशन और सार्वजनिक मंचन से लेकर साहित्यिक रचनाकर्म के साथ-साथ 1947 से लेकर 1970 तक जनसम्पर्क विभाग की पत्रिका 'आदिवासी साप्ताहिक' का संपादन, 1954 से 1957 तक आकाशवाणी के ड्रामा प्रोडूयूसर के अलावे वृत्तचित्रों के स्क्रिप्ट लेखन से लेकर जनजागृति के लिए फिल्म विधा के पहले प्रयोगधर्मी के रूप में राधा कृष्ण की यात्रा को पाथेय की संज्ञा दी जानी चाहिए.

## • आजादी के लिए उठाई आवाज

राधाकृष्ण मात्र लेखनी और कलमकारी तक ही सीमित नहीं रहे, कला के उत्स और कला माध्यमों के समेकित प्रभाव का प्रयोग जनमाध्यम के रूप में कर उन्होंने यह नजीर ज़माने को दिया कि ललित कला, चाछुष कला और कलम के मेल से जो आग पैदा होती है, वह बुझाये नहीं बुझती. रामगढ़ कांग्रेस के दिनों में ही राष्ट्रीय स्वाभिमान जागृत करने के उद्देश्य से उनकी लिखी किताब 'बिहार के चित्रित गौरव' काफी चर्चित रही. इसका प्रकाशन लहेरियासराय के 'पुस्तक भंडार' से हुआ था. राधाकृष्णजी की ही देख-रेख में रामगढ़ कांग्रेस की 'स्मारिका' प्रकाशित हुई थी. 1923 में काशी नागरी प्रचारणी सभा ने पूरी हिंदी पट्टी में गठित 'भारती-मंडल' द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र लिखित 'भारत-दुर्दशा' के सभी जगहों पर मंचन का आह्वान किया था. 'भारत-दुर्दशा' के मंचन का यह प्रभाव था कि मुंगेर के खडगपुर में इसके लिए डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को ब्रिटिश हुकूमत ने गिरफ्तार कर सजा दी. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रेरणा और उपेन्द्र महारथी, दीनानाथ वर्मा तथा रामवृक्ष बेनीपुरी के सहयोग से राधाकृष्ण ने भी अपनी लेखनी के साथ-साथ नाटकों का लेखन और सार्वजनिक मंचन द्वारा आमजनों को जागृत करने और आजादी के आंदोलन से जोड़ने का हरसंभव प्रयत्न किया.

राधाकृष्ण को भी शुरू से ही नाटकों का शौक था. वे नाटकों में पार्ट भी करते थे, नाटक लिखते भी थे और जनसहयोग से उनका मंचन भी कराते थे. 1942 के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के दौरान उन्होंने एक रंगमंचीय नाटक 'भारत-छोड़ो' लिखा था. वे उसके मंचन की तैयारियों में लगे थे, पर अंग्रेजी हुकूमत ने ऐनवक्त पर नाटक पर प्रतिबन्ध लगा दिया. इस वजह से 'भारत-छोड़ो' नाटक को रांची का रंगमंच नसीब नहीं हो सका. अलबत्ता राधाकृष्णजी को गिरफ्तारी के भय से फरार होना पड़ा, उनके घर को कुर्क किये जाने के हुक्मनामे के बाद नीलामी पर चढा दिया गया. कोर्ट-कचहरी के लंबे चक्कर के बाद 1946 में 'भारत-छोड़ो' नाटक का मंचन संभव हो सका. उसी साल यह नाटक 'पुस्तक-भंडार' से प्रकाशित भी हुआ.

## • आजादी के बाद नवनिर्माण में सहयोग

'आदिवासी साप्ताहिक' के सम्पादन के दौरान राधाकृष्ण ने छोटानागपुर क्षेत्र में लेखकों की एक पीढ़ी तैयार की. देश को आज़ादी मिलने के बाद इसे एकसूत्र में पिरोये रखने, जनजातीय भाषाओं के देशज साहित्य को हिंदी की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ नवनिर्माण का बेहतर माहौल बनाने और उसमें सबों की भागीदारी के उद्देश्य से ही इस पत्रिका का प्रकाशन रांची से शुरू किया गया था. राधाकृष्ण ने इस पत्रिका के जरिये नवजागरण के इस प्रयास को बखूबी अंजाम देने की कोशिश की. उन्होंने विकास और सामाजिक चेतना के लिए रेडियो-नाटकों की रचनाएं की. इस विधा को भी भारत के हिंदी क्षेत्रों में लोकप्रिय बनाने का श्रेय उन्हें मिलना चाहिए. वैसे राधाकृष्ण की कहानियों में हम आजादी मिलने के बाद की उपजी सामाजिक, आर्थिक, नैतिक और राजनैतिक परिस्थितियों को विद्रूपताओं के तौर पर चित्रित पाते हैं. उनके व्यंग्य तत्कालीन स्थितियों के प्रति खबरदार करते मालूम होते हैं. राधाकृष्ण जानते थे कि आज़ादी मिलने के साथ जगी आशायें धूमिल हो रही थीं. राजनैतिक दलों के क्षुद्र स्वार्थों, आपसी प्रपंचों के साथ राधाकृष्ण आम जनता की संवेदनहीनता पर भी करारे व्यंग्य चस्पां करते हैं. ऐसी परिस्थिति में भी वे नाटकों, रेडियो-नाटकों/रूपकों और सिनेमा के माध्यम से आम अवाम को जागृत करते दिखाई देते हैं गोया...बात निकलेगी तो फिर दूर तलक जायेगी......' रामगढ़ कांग्रेस के समय फिल्मांकन के लिए मद्रास की'डॉक्युमेंटरी फिल्म्स लि.' के मैनेजिंग डाइरेक्टर ऐ.के.चेट्टियार रांची आये थे. गांधीजी पर उन्हें एक डॉक्युमेंटरी बनानी थी. गांधीजी पर आधारित इस डॉक्युमेंटरी को चेट्टीयार ने 21 भाषाओं में बनाया. हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में 3000 फुट लेंथ की फिल्म बनी, जबकि इस फिल्म का यूरोपियन वर्सन 12000 फुट लेंथ का बना. गांधीजी को केन्द्रित कर बनी इस डॉक्युमेंटरी का ओपनिंग शो चेट्टीयार अमरीकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट के समक्ष वाशिंगटन में होना था. बतौर रामगढ़ कांग्रेस के जनसम्पर्क प्रभारी राधाकृष्ण ने इस फिल्म के फिल्मांकन में सहयोग किया. साथ ही इसकी हिंदी स्क्रिप्ट तैयार करने में मुख्य भूमिका निभाई. इससे पहले से ही वे मुम्बईया फिल्म जगत से जुड़े थे. वे 1938 में ही मुम्बई के 'सागर मूवीटोन' से जुडकर स्क्रिप्ट लेखन करने लगे थे. 'सागर मूवीटोन' रामानंद सागर के पिता मोती सागर की फिल्म कंपनी थी.



1947 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद अंतरिम सरकार का गठन हुआ. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह मुख्यमंत्री( तब बिहार के मुख्यमंत्री प्रधानमन्त्री कहे जाते थे) बने, आचार्य बदरीनाथ वर्मा को गृह(राजनीति) विभाग( अब का जनसम्पर्क विभाग) की जिम्मेवारी दी गयी. तात्कालिक समस्याओं के साथ-साथ नवनिर्माण में सबकी भागीदारी और सबको साथ लेकर चलना राज्य के नेतृत्व के लिए चुनौतीपूर्ण था.ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकार ने रामधारीसिंह 'दिनकर', रामवृक्ष 'बेनीपुरी', राधाकृष्ण, उपेन्द्र 'महारथी' सहित लेखकों, बुद्धिजीवियों की सेवाओं के सार्थक उपयोग का निर्णय लिया. गृह(राजनीति) विभाग का नाम बदलकर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग किया गया. सम्भवतः लोक-कल्याणकारी राज्य के परिप्रेक्ष्य में लोक-सम्पर्क की नयी अवधारणा का यह सफल प्रयोग साबित हुआ, जिस पर विस्तृत शोध की गुंजाइश है. पटना से "बिहार-समाचार' एकसाथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेज़ी में प्रकाशित होने लगा था. दुमका से संताली भाषा में "होड़-सोम्वाद" और रांची से "आदिवासी साप्ताहिक" छपने लगा, जिसके सम्पादक राधाकृष्ण बनाये गए. जनमाध्यमों के प्रभाव से नवनिर्माण का माहौल तैयार करने के लिए जनसम्पर्क विभाग में बाकायदा फिल्म और गीत-नाटक के प्रभाग स्थापित किये गए. राधाकृष्ण लगातार विभागीय गीत-नाटक प्रभाग के लिए नाटक लिखते रहे. इस दौरान आकाशवाणी के लिए रेडियो-नाटक लिखने का दौर जारी रहा. रेडियो नाटकों के क्षेत्र में राधाकृष्ण के योगदान पर भी विस्तृत शोध और मूल्यांकन की गुंजाइश है.

पचास के दशक में हिंदी के जानेमाने लेखकों की टीम बतौर ड्रामा प्रोड्यूसर आकाशवाणी से जुड़ती है; इसमें अमृतलाल नागर, इलाचन्द्र जोशी, सुमित्रानंदन पन्त, भगवतीचरण वर्मा, राधाकृष्ण जैसे लोग शामिल रहे. उन दिनों स्वस्थ सुरुचिपूर्ण मनोरंजन के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण के वृहत्तर उद्देश्यों के निमित्त मूर्धन्य लेखकों की सेवाओं का बेहतर उपयोग राष्ट्रीय प्रसारणों में किस तरह से किया गया, इसके नए सिरे से मूल्यांकन किया जाय तो निश्चित ही हमें राधाकृष्ण की उस छवि को देखने का मौका मिलेगा, जिसने भारत में हिन्दी रेडियो-नाटकों की विधा को शुरुआत के दौर में एक लोकग्राह्य माध्यम के रूप में स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाई.

### जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध

राधाकृष्ण की कहानी 'दिमाग' में डॉक्टर ने मरीज का दिमाग निकालकर जार में रख छोड़ा था, बाद में याद आने पर उसे फिर से खोपड़ी में फिट करना चाहता था. मरीज डॉक्टर से कहता है- 'मुझे अब दिमाग की जरूरत नहीं. मैं सरकारी नौकरी में हूं'. जी हां! राधाकृष्ण भी सरकारी सेवा में थे, मगर उन्होंने अपने दिमाग का बेहतर इस्तेमाल सरकारी तरीके से किया. सिनेमा और नाटकों के माध्यम से उन्होंने आम आदमी को अपने तईं जागरूक करने की कोशिश की और इसमें वे काफी हद तक सफल भी रहे. एक आम आदमी की जुबान बनकर उन्होंने बड़े तल्ख़ व्यंग्य लिखे. इसके लिये विविध शिल्पों का प्रयोग उनकी खासियत है. राधाकृष्ण अपने भोले-भाले शब्दों को बगैर किसी बनावटी आवरण के आम लोगों के वाकिये की तरह इस्तेमाल करते हैं. सरकारी फिल्मों-नाटकों, लेखों और गीतों के माध्यम से वे लोगों तक उनके फायदे पहुंचाने वाले हरकारे दिखते हैं, वहीँ उनकी कलम दूसरी ओर स्वछन्द रूप से बड़े-बड़ों का पर्दाफाश करती है. बेलौस और बेख़ौफ़ नजरिया वाले राधाकृष्ण ने आज़ादी की लड़ाई अपने तरीके से लड़ी. गंगाशरण सिंह के साथ क्रान्तिकारी साथियों को रांची में हथियार थमाने, पति-पत्नी के द्वारा क्रन्तिकारियों को पनाह देने से लेकर क्रान्तिकारी लेखन तक का काम करने का सबब उनमें रहा.

## सिनेमा का सार्थक प्रयोग

राधाकृष्ण वे पहले व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने तत्कालीन बिहार सूबे में सशक्त जनमाध्यम के रूप में सिनेमा का प्रयोग किया. आज़ादी के बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री आचार्य बदरीनाथ वर्मा से राधाकृष्ण ने जनजागरण के लिए सिनेमा के माध्यम के प्रयोग का अनुरोध किया. तब राज्य सरकार की माली हालत ठीक नहीं थी. फिर भी राधाकृष्ण के सुझावों पर अमल किये जाने का फैसला हुआ. राधाकृष्ण को सरकार के जनसम्पर्क विभाग के लिए फिल्में बनवाने का जिम्मा दिया गया. राधाकृष्ण कोलकाता जाकर फिल्में बनाने वाली कम्पनियों से बात करते हैं. कोलकाता की ओउरोरा फिल्म कंपनी के साथ जनसंपर्क विभाग का डॉक्युमेंटरी फिल्म बनवाने के लिए बात बन जाती है. राधाकृष्ण इसकी पटकथा लिखते हैं. इसका शीर्षक दिया जाता है, 'आदिवासियों का जीवन स्रोत'. इस डॉक्युमेंटरी फिल्म के निर्देशक हैं मशहूर फ़िल्मकार ऋत्विक घटक. सिनेमा के इतिहास का अवलोकन करने से पता चलता है कि 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' ऋत्विक घटक की पहली फिल्म है. अपनी आर्थिक मजबूरियों के कारण ऋत्विक घटक ने ओउरोरा फिल्म्स के लिए इस फिल्म को बनाना शायद स्वीकार किया था. इसके तुरंत बाद ही ऋत्विक घटक ने जनसम्पर्क विभाग के लिए दूसरी डॉक्युमेंटरी बनायी, जिसका शीर्षक था- 'बिहार के दर्शनीय स्थल'. इस फिल्म की शूटिंग राजगीर, नालंदा, विक्रमशिला, पटना, वैशाली, बोधगया, रांची सहित कई जगहों पर हुई थी. इसकी भी स्क्रिप्ट राधाकृष्ण ने ही लिखी, जिसे बाद में पटना से प्रकाशित हरिजन सेवक संघ की पत्रिका 'अमृत' के जून 1955के अंक में प्रकाशित किया गया. फिल्मों को लेकर ऋत्विक घटक के छोटानागपुर के जनजातीय क्षेत्रों से जुड़ाव का यह पहला उदाहरण है. बाद में ऋत्विक घटक ने अपनी फिल्म 'अजांत्रिक', 'सुवर्णरेखा', कोमल गंधार' का फिल्मांकन भी छोटानागपुर के जनजातीय इलाकों में किया. 'अजान्त्रिक' फिल्म का फलसफा पूरे विश्व-सिनेमा के लिए एक धरोहर है. इस फलसफे की पूरी पृष्ठभूमि 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' की शूटिंग के दौरान ही बनी. ऋत्विक घटक ने अपने संस्मरणों, पत्रों में इसका उल्लेख भी किया है. इसके निर्माण में राधाकृष्ण की बतौर स्क्रिप्ट-राइटर अहम भूमिका रही. बाद में राधाकृष्ण इन डॉक्युमेंटरी फ़िल्मों को अंगरेजी में डब कराने के लिए भी प्रयासरत रहे. रांची में ही रह रहे फिल्मकार हेमेन गांगुली को उन्होंने इन फिल्मों के प्रिंट्स हासिल कराये. अफ़सोस कि हेमेन गांगुली इसकी डबिंग नहीं करा सके और उनके परिवार के लोग भी उन प्रिंटों को संभाल कर नहीं रख सके. आज उन दोनों डॉक्युमेंटरी फ़िल्मों के प्रिंट उपलब्ध नहीं हैं. बाद में जनसम्पर्क विभाग में स्टीनबेक एडिटिंग मशीन लगी और स्वतंत्र रूप से फिल्में बनाई जाने लगीं. इस दौर में राधाकृष्ण ने कई फिल्मों की पटकथा लिखी, जिनपर फ़िल्में बनीं. 'कल जो अछूत थे', 'अधिक अन्न उपजाओ', 'पाताल का मोती', 'मिटटी का सिंगार', 'महाकवि कालिदास', 'जंगल के पंछी', 'पाटलिपुत्र', 'नयी नगरिया', 'राधा का गांव' जैसी उनकी कई पटकथाएं विभिन्न जगहों से प्रकाशित भी हुईं, जिनपर विभाग ने फिल्में बनाई. बिहार-झारखण्ड के गांव-गवईं इलाकों में मोटर-सिनेमा के रुपहले परदों पर ये फिल्में खूब दिखाई गयीं और लोकप्रिय भी हुईं. ग्रामीण इलाकों में आज भी बड़े-बुजुर्गों को ये फिल्में याद हैं. राधाकृष्ण के उपन्यासों और कहानियों पर बम्बइया फिल्में भी बनीं. भले ही उसका क्रेडिट उन्हें नहीं मिल पाया.

# चित्रकूट महिमा : सती अनुसूया आश्रम की पावनता



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय



**चित्रकूट** के अनेक दर्शनीय स्थलों में एक है सती अनुसूया का पवित्र आश्रम, जो चित्रकूट के रामघाट से दक्षिण की ओर 10 किलोमीटर पर पावन और प्रकृति की गोद में अवस्थित है. यहां जाने के लिए बस, टेम्पो एवं टैक्सी की सेवाएं उपलब्ध हैं. यह आश्रम अति पावन और प्रकृति की गोद में अवस्थित है. मंदाकिनी नदी के उद्गम स्थल के पास स्थित यह आश्रम चित्रकूट की पहाड़ियों में बसा है, चारों ओर से हरे भरे स्थानों से घिरा हुआ है. यहां पर्याप्त खुला स्थान है, जो इसे ध्यान और परावर्तन के लिए आदर्श स्थल बनाता है. ऐसा माना जाता है कि ऋषि अत्रि ने अपनी पत्नी अनुसूया के साथ यहां ध्यान किया था. इसका स्थान के पवित्र रास्ते और आंगन में शांति का वातावरण बना रहता है, भक्त बिना परेशान हुए शांत वातावरण का आनंद ले सकते हैं और प्रार्थना कर सकते हैं.

आश्रम के अंदर रथ पर सवार भगवान कृष्ण की एक बड़ी प्रतिमा है, जिसके पीछे अर्जुन बैठे हुए हैं. आगे सुंदर कलाकृतियों के साथ और भी मूर्तियां देख सकते हैं, जो पवित्र दर्शन के लिए रखी गई हैं. किंवदंती है कि अपने निर्वासन के दौरान भगवान राम और देवी सीता इस आश्रम में भक्त सती अनुसूया से मिलने आए थे, जिन्होंने सतीत्व के बारे में सीता को ज्ञान दिया था. वाल्मीकि द्वारा लिखी गई एक अन्य कथा में कहा गया है कि एक बार 10 साल तक चित्रकूट में बारिश नहीं हुई थी और इसके लोग गंभीर अकाल से पीड़ित थे, उनके पास खाने या पीने के लिए कुछ भी नहीं बचा था. यह सती अनुसूइया की भक्ति ही थी जिसने मंदाकिनी को पृथ्वी पर ला दिया, इस शहर को फिर से जल से भर दिया और वनस्पतियों और जीवों को एक बार फिर पनपने का अवसर दिया.


यह इस क्षेत्र के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है और इसे ₹चित्रकूट चार धाम₹ का एक हिस्सा माना जाता है. इस स्थान का नाम इस तथ्य से पड़ा है कि यह महर्षि अत्रि और उनकी पत्नी महासती अनसूया का आश्रम था. उन्हें अपने भक्त, शुद्ध और पवित्र चरित्र के कारण हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथों में महासतियों में से एक माना जाता है. आश्रम खुद ही चारों तरफ से घनी वनस्पतियों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है. यह इसे शांति और स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, आध्यात्मिक आभा का तो कहना ही क्या, जिसके लिए यह प्रसिद्ध है. महासती अनसूया को उनके पति महर्षि अत्रि और उनके पुत्र दत्तात्रेय के साथ समर्पित एक विशाल मंदिर है. मंदिर के अंदर तीन महान आत्माओं की मूर्तियों के अलावा, सती के जीवन से जुड़े चित्रण हैं जो इसे एक सौंदर्यपूर्ण अपील देते हैं. इसके अलावा, भगवान कृष्ण की एक मूर्ति भी है जिसमें वे रथ पर सवार हैं और उनके पीछे अर्जुन बैठे हैं. महिलाओं को अक्सर मंदिर की परिक्रमा करते और सभी समय की सबसे शुद्ध आत्मा-महासती अनसूया को अपना सम्मान देते हुए देखा जा सकता है.

आज भी यहां पर्वत श्रेणी के गर्भ से अनेक जल स्रोत निर्झरित होते रहते हैं, जो एक कुण्ड में विलीन होकर आगे मंदाकिनी नदी के रूप में प्रवाहित होते हैं. भगवान राम अपनी भार्या सीता के साथ यहां अत्रि-अनुसूया के दर्शन के लिए आये थे. तब अनुसूया जी ने सीता को पातिव्रत धर्म और सतीत्व का महत्व बताया था. सीता जी नारी धर्म के उपदेश को सुनकर परम प्रसन्न हुईं-


सुनि जानकी परम सुख पावा.
सादर तासु चरन सिर नावा.

अस्तु, अनुसूया आश्रम की पावनता और पुनीतता असीम और अद्वितीय है.

# नर्क को नफ़रत का सहारा



नश्तर
सुधीर राघव



**स्वर्ग** में कोई धर्म नहीं होता. वहां प्रार्थना, भजन, कीर्तन, नमाज कुछ नहीं होता. स्वर्ग में सबकी आस्था प्रेम, प्रकृति, पर्यावरण और नियम में होती है. यही चार गुण हैं, जो किसी भी जगह को स्वर्ग बना सकते हैं. इसलिए स्वर्ग को किसी ईश्वर की जरूरत नहीं होती. प्रेम में आस्था रखने वाला स्वर्ग का हर वाशिंदा खुद ईश्वर तुल्य देवता होता है. फ़रिश्ता होता है. दूसरी ओर नर्क में हजारों धर्म हैं. दस नये धर्म रोज पैदा होते हैं. वहां सबका ईश्वर अलग-अलग है. सबकी आस्था अलग अलग है. सब अपने ईश्वर को दूसरे के ईश्वर से ज्यादा महान बताते हैं. नर्क में हर धर्म को दूसरे धर्म से खतरा है. सबको लगता है कि उनका धर्म खतरे में है, उसे बचाने के लिए लड़ना जरूरी है. नर्क में सिर्फ नफ़रत है. इसलिए सब एक दूसरे से लड़ रहे हैं. एक-दूसरे को मारने के लिए उन्होंने बम, बंदूकें, टैंक, मिसाइलें और ड्रोन बनाए हैं. वहां हर तरफ जंग मची है. बम, बंदूक और मिसाइलें चल रही हैं. लोग मर रहे हैं. प्रकृति और पर्यावरण दोनों को तबाह किया जा रहा है. इस तरह कुछ वाशिंदों ने धर्म का इस्तेमाल अपनी दुनिया को नर्क बनाने में किया है. यह सब देखकर नर्क के सारे ईश्वर भी अपराधबोध से दब गए हैं. वे कहीं दूर जाकर छुप गए हैं. एक भी सामने नहीं आता. नफ़रत से भरे नर्क को बनाने का क्रेडिट कोई नहीं लेना चाहता. नर्क सिर्फ नफ़रत की ताकत से चलता है.

स्वर्ग में नया सूर्योदय हो रहा है. सब सूर्य का सम्मान कर रहे हैं. स्वर्ग में स्वच्छ निर्मल जल बह रहा है. सब जल के प्रति विनम्र हैं. उसकी स्वच्छता का ध्यान रखते हैं. स्वर्ग के पेड़-पौधे और लताएं फल और फूलों से लदी हैं. सब वनस्पतियों के कृतज्ञ हैं. उनके फलने फूलने में सहयोग करते हैं. स्वर्ग वन जीवों से जीवंत हैं. सब जीवों पर दया करते हैं. स्वर्ग के आवास खुले, सुंदर और हवादार हैं. सब गीला और सूखा कचरा ठीक से निष्पादित करते हैं. इसलिए वहां हर आवास एक मंदिर है. स्वर्ग में हर मौसम अपने समय पर आता है. वहां का पर्यावरण संतुलित है. स्वर्ग में सब एक-दूसरे के साथ प्रेम से रहते हैं. उनके पास आपस में लड़ने की कोई वजह नहीं है.

नर्क में सब एक-दूसरे से लड़ रहे हैं. आपस में लड़ने के लिए उनके पास बहुत सी वजहें हैं. वे ईश्वर के नाम पर लड़ रहे हैं. वे धर्म के लिए लड़ रहे हैं. वे जाति पर लड़ रहे हैं. वे भाषा और राष्ट्र के नाम पर लड़ रहे हैं. वे जमीन के लिए लड़ रहे हैं. पैसे के लिए लड़ रहे हैं. शराब, शबाव, भोजन, पानी ... नर्क के वाशिंदे हर चीज के लिए लड़ रहे हैं. सबके सब नफ़रत से भरे हैं. असल में नर्क होता नहीं है, नर्क बनाया जाता है, प्रकृति और पर्यावरण से छेड़छाड़ करके, हर दिल में नफ़रत भरके. अलग-अलग धर्म, अलग-अलग ईश्वर, जातीय भेदभाव, झूठा राष्ट्रवाद और नियमों का न मानने वाले पैसे और हवस के अंधे वाशिंदे किसी भी दुनिया को नर्क बना सकते हैं.

# दिलीप टोप्पो की कलाकृतियों में झारखंड की संस्कृति





कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार














**कला** कलाकार के अंतः और बाह्य जगत की एक विराट यात्रा है, जिसमें वह अपने लक्ष्य को पाने की अविराम चेष्टा करता है. कहा जाता है कि एक कलाकार जीवन भर एक ही कृति पर कार्य करता है. एक ही कृति पर कार्य करना बड़ा कठिन है, लेकिन दिलीप टोप्पो जैसे कलाकार लंबे समय से एक विषय को लेकर कार्य कर रहे हैं और इनकी आधुनिक मूर्तिशिल्पियों ने सृजन की कई संभावनाओं को जन्म दिया. इन्होंने मूर्तिकला के विकास में अपना योगदान ही नहीं दिया, बल्कि युवा पीढ़ी को एक नई दिशा दी. दिलीप कुमार टोप्पो ने बीएचयू से बीएफए और एमएफए करने के बाद निरंतर झारखंड की संस्कृति पर मूर्ति शिल्प का कार्य कर रहे हैं. कोई भी कलाकार अपने समाज और आस पास के वातावरण के प्रति निष्ठावान होता है. सामाजिक परिवर्तन के साथ ही उसकी अभिव्यक्ति में भी नवीनता आ जाती है, जिसका प्रमाण इनकी अद्भुत कलाकृतियां हैं. इनकी कलाकृतियों की अपनी भाषा होती है. हम जो शब्दों द्वारा नहीं कह सकते, उसे दिलीप कुमार टोप्पो जैसे कलाकार अपनी कलाकृतियों के माध्यम से अधिक प्रभावशाली तरीके कह सकते हैं, यही वजह है कि इन्हें अपनी समाज की संस्कृति से भावी पीढ़ी को अवगत कराने में इन्हें अपनी कला के माध्यम से रखने में सुविधा होती है. ये अपनी कलाकृतियों के माध्यम से ही अपने समाज की मिटती परंपराओं को भी मूर्त रूप देने की कोशिश करते हैं. इनके मूर्तिशिल्प में अमूर्तन की अभिव्यक्ति दिखती है. मानव को जिंदा रहने के लिए हवा की आवश्यकता होती है और हवा वृक्ष व पौधे के जरिये प्राप्त होती है. झारखंडी समाज इन वृक्षों को पूजता है और पर्यावरण की रक्षा भी करता है. भादो एकादशी में हर वर्ष झारखंड में मनाया जाने वाला करम पर्व केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि खुद में परंपरा, इतिहास और सभ्यता की बारीकियों को समेटे हुए हैं. जनजातीय संस्कृति के जितने भी त्योहार हैं, वे मनुष्य का प्रकृति के साथ, प्रकृति का समाज के साथ और इन तीनों का एक-दूसरे के साथ अन्योन्याश्रय संबंध की ओर इंगित करते हैं. वस्तुतः यह प्रकृति और वृक्ष से भावनात्मक व आध्यात्मिक जुड़ाव का पर्व है. इस त्योहार में युवतियां बालू से भरी अपनी-अपनी टोकरी में बड़े ही नेक नियम से धान, मकई, मडुआ, गोंदली, कुरथी, उड़द बालू के साथ मिला देती हैं, जिसे जावा कहते हैं. कई दिनों के बाद ये बीज रूप में डाले गये दाने अंकुरित होकर लहलहाने लगती हैं. यही लहलहाती पौधे सृष्टि की निरंतरता में बीज की महत्ता को बतलाती है. इसी से प्रेरित होकर दिलीप कुमार टोप्पो ने इसे अपनी कला का विषय बनाया. बड़ी ही सुंदरता के साथ ये प्रकृति और जीवन की इस लयबद्धता को पत्थरों पर उकेरते हैं. इसी कलाकृतियों ने ही इसे समाज में अलग पहचान दी. बीएचयू वाराणसी, श्रीनगर, उदयपुर, भारत भवन, भोपाल, पटना, नेशनल ललित कला अकादमी भोपाल, ललितकला अकादमी राजस्थान, रामदयाल मुंडा कला भवन रांची आदि स्थानों में इनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लग चुकी है और इन्हें सम्मानित भी किया चुका है. 2005 में इन्हें झारखंड सरकार की ओर से पुरस्कृत भी किया गया है.

# आखर



डॉ. विद्याभूषण



# भाषा की अंगीठी पर राख की परत

बेशक यह एक ऐसा दौर है जब हिन्दी आगे बढ़ रही है. वह बाजार की जरूरतों के हिसाब से अभिव्यक्ति के अंदाज बदल रही है, विविध स्रोतों से ऊर्जा लेती हुई समृद्ध हो रही है. तो भी मीडिया के रेशमी अंधेरे से भ्रमित होने की बजाए बुनियाद की सख्त जमीन पर उगे ओयेसिस को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. विज्ञापनों में किसिम-किसिम की हिन्दी के मनभावन इस्तेमाल होने से उपभोक्ता बाजार की निर्माता कंपनियों का सिक्का भले चल निकला हो, लेकिन हिन्दी का पहिया जाम का शिकार होता दिखता है. हिन्दी के नए भूगोल, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की नई प्राप्तियों पर यथेष्ट ध्यान देते हुए भी हिन्दी के मानकीकरण पर काम करने का समय आ गया है.

## की - बोर्ड का मानकीकरण

यहां पहुंच कर लिपि का सवाल अहम हो जाता है. अगर हिन्दी को सिर्फ संवाद और बाजार की भाषा बन कर संतुष्ट नहीं रहना है और सूचना महामार्ग के साथ ज्ञान-विज्ञान की समर्थ भाषा के रूप में भी अपनी पहचान बनानी है तो उसकी संरचना को स्वस्थ और प्रदूषणमुक्त रखने की जरूरत की अनदेखी हरगिज नहीं हो सकती. और यह मंजिल सिर्फ शब्द संपदा के विस्तार से नहीं मिल सकती, वाक्य रचना और सूक्तियों की लचीली लय से भी वह हासिल नहीं होगी. उसके लिए देवनागरी लिपि का अपेक्षित परिष्कार, कंप्यूटर के की बोर्ड का मानकीकरण और वर्तनी की समरूपता एक अनिवार्य पहलू बन गयी है. तो आइये, इस मसले पर दो-चार बातें और कर लें.

## काफी नहीं शाखाओं और फुनगियों पर कब्जा


इन दिनों, बल्कि पिछले कुछ समय से, हिन्दी को मीडिया के माथे पर चमकती हुई बिन्दी की सनद मिल रही है. भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों के बीच हिन्दी अखबारों की प्रसार संख्या बेजोड़ बनती हुई दिख रही है. बेशक हिन्दी पाठकों की कतार शिखर यात्रा की ओर अग्रसर है. इसी तरह न्यूज और इंटरटेनमेंट चैनलों के बाजार में लोकप्रियता के लिहाज से हिन्दी अन्य प्रतियोगियों से आगे चल रही है. ऑडियो मीडिया में एफएम चैनलों की बहुरंगी प्रस्तुतियों ने आकाशवाणी की पारंपरिक एकरसता को तोड़ते हुए मील के नये पत्थर खड़े किये हैं. यानी चहुंओर हिन्दी के प्रभामंडल का विस्तार हो रहा है. लेकिन कोई बड़ी भाषा सिर्फ भाव-अभिव्यक्ति का साधन भर रह कर समृद्ध नहीं हो सकती. यह काम तो हजारों बोलियां और उपभाषाएं पूरी दुनिया में भलीभांति कर रही हैं. आज के समय में हर भाषा की समृद्धि और सामर्थ्य की कसौटी है. ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का माध्यम बनने की चुनौती है. जिस अंग्रेजी को हिन्दी का मुख्य प्रतियोगी मानते हुए इस देश में तरह-तरह की उपमाओं-रूपकों से नवाजा जाता है, वह सिर्फ अपनी शब्द संपदा या वाक्य भंगिमा के बूते टक्कर नहीं दे रही. वास्तव में विज्ञान और तकनीक की शिक्षा की माध्यम भाषा के रूप में उसकी प्रामाणिकता और प्रासंगिकता बेमिसाल है. बेशक अब इस चुनौती की काट खोजने में हिन्दी की संपूर्ण ऊर्जा खपनी चाहिए. आज तक शाखाओं और फुनगियों पर कब्जे की लड़ाई में मशगूल रहे हम सब, अब उसकी बुनियाद पर वर्चस्व के लिए कृतसंकल्प होना है. भाषा मानकीकरण के सवाल पर विकल्पहीन नहीं है यह दुनिया. अंग्रेजी की अनिवार्यता के बारे में कई एशियाई देशों के अनुभव अलग हैं. संयुक्त राष्ट्रसंघ और यूरोपीय संघ के संचालन में भी अंग्रेजी कोई अनिवार्य कड़ी नहीं बनी. इसी तरह भारतीय संघ को जोड़ने वाली अकेली कड़ी भी वह नहीं है.

## जरूरी है देवनागरी के की-बोर्ड का मानकीकरण

सूचना क्रान्ति के मौजूदा दौर में कम्प्यूटर और इंटरनेट के सर्वग्रासी तंत्र में रोमन का एकाधिकार देवनागरी लिपि में यूनीकोड के आने से परिसीमित हुआ है. बेशक हिन्दी के तकनीकी उपयोग में आती रही सबसे कड़ी अड़चन दूर हो चुकी है और हिन्दी की हैसियत ज्ञान केन्द्रों में ऊंची हुई है. लेकिन इतने से हिन्दी या उसकी लिपि की कठिनाइयों का अन्त नहीं हुआ है. कम्प्यूटर पर हिन्दी में काम करने वाले हर शख्स की सबसे बड़ी समस्या यह है कि देवनागरी का अभी तक कोई मानक की-बोर्ड नहीं बन पाया है. याद कीजिये कि दुनिया भर में अंग्रेरजी भाषा के लिए एक ही की-बोर्ड है. आप चाहे जिस सॉफ्टवेयर या फांट पर काम कर रहे हों, वर्णमाला के हर अक्षर के लिए एक नियत बटन है. हर जगह की-बोर्ड की बीच की पंक्ति में "ए" सबसे बाईं ओर मिलेगा. हिन्दी में अराजकता का हाल यह है कि हर फांट के साथ यहां की-बोर्ड बदल जाता है. अगर आप आकृति की बोर्ड के रेमिंगटन लेआउट में काम कर रहे हों तो मध्य पंक्ति में तीसरे बटन पर "क" मिलेगा, लेकिन यदि फोनेटिक लेआउट पर काम कर रहे हों तो उस तीसरे बटन पर "अ" मिलेगा. फांट चुनने में भी ऐसी मुश्किलें अक्सर सामने आती हैं. समाहार के बतौर कहा जा सकता है कि देवनागरी के की-बोर्ड के मानकीकरण के बिना इंटरनेट पर हिन्दी सहज गति से नहीं चल पायेगी, न ई मेल के लिए उसका भरपूर इस्तेमाल हो पायेगा. इसी तरह की एक विसंगति यह भी है कि अब तक हिन्दी की वर्तनी जांच के लिए स्पेल चेक जैसा कोई सॉफ्टवेयर विकसित नहीं हुआ.

## हाउस लैंग्वेज के नाम पर चूक

दूसरी ओर नजर डालें तो प्रिंट मीडिया या पुस्तक संसार में व्याकरणिक शुद्धता तो शायद बड़ी बात है, सही शब्द या वाक्य लिखने का आग्रह भी नहीं दिखता. हाउस लैंग्वेज के नाम पर अलग-अलग पत्र समूह एक ही शब्द के कई रूपों का प्रयोग करते हैं. जनसत्ता या इंडिया टुडे जैसी पत्र-पत्रिकाएं पढ़ते हुए यह भिन्नता पकड़ में आती है. अनुस्वार, चन्द्रबिन्दु, हलन्त, ह्रस्व इ या दीर्घ ई जैसे कई ध्वनि चिह्नों का उपयोग तकनीकी सुविधा के नाम पर जितने रूपों में प्रचलित हो गया है, उससे भ्रम और अनर्थ की स्थिति बन जाती है. जैसे-हंस, हंसमुख, वास्ते के अर्थवाला "लिए" या "लिया" का का तिर्यक रूप "लिये". चिन्ता की बात यह है कि अभी भी कई अक्षर दो रूपों में लिखे जाते हैं. जैसे – ट वर्गी ण, तालव्य श, अ, झ, ल और र. र को चार रूपों में लिखा जाता है. शब्दों के लिखित रूप में इन्हें देखना हो तो गुर्जर, वज्र, राष्ट्र और राज्य शब्दों पर दृष्टि डाली जा सकती है. विराम के दो रूप आज भी प्रचलित हैं. जैसे . तथा यानी बिन्दु या खड़ी पाई. उलझन की बात यह भी है कि इ और ई का लेखन भी हर जगह उनके उच्चारण क्रम के अनुसार नहीं होता. इसी तरह यह भी तय हो जाना जरूरी है कि श्र, ज्ञ, द्य जैसे संयुक्ताक्षर प्रचलित रहें या उनकी जगह हलन्त की सहायता से उन्हें विश्लिष्ट करते हुए लिखा जाये. इसी तरह जरूरी है कि अनुस्वार के सम्बन्ध में सुनिश्चित किया जाये कि उसे अर्द्ध म् पढ़ा जाये या अर्द्ध न्. संबंध में पहला अनुस्वार अर्द्ध म् है तो दूसरा अनुस्वार अर्द्ध न्. समग्रता में देखें तो कहना होगा कि देवनागरी के ध्वनिचिह्नों के विकास की कहानी कहती है कि उसने अपने को समय के साथ गतिशील रखा है और अभिव्यक्ति की जरूरतों के अनुरूप परिवर्तन की संरचनाएं देती आयी है. फिलहाल, भाषा की तपती अंगीठी पर बिछी राख की सांवली-सफेद परत को सप्तपर्णी बनाने का समय सामने है.



# प्रेम रंजन अनिमेष की दो कविताएं



प्रेम रंजन अनिमेष

"प्रेमरंजन अनिमेष की नाम साहित्य में किसी परिचय का मोहताज नहीं. पिछले तीन दशकों से लेखन कर रहे अनिमेष जी की कई लंबी कविताएं बहुत चर्चित रही हैं. पेश है हिंदी दिवस पर उनकी दो कविताएं..."

## बिना जड़ों की पौध नयी

हम छुटपन से
हुए बड़े
घर पर बोलते अपनी
देसी बोली
विद्यालय महाविद्यालय में
देशभाषा हिन्दी
अब अपने
काम की जगह
अंग्रेजी में
देशसेवा कर रहे.

बच्चे हमारे
सुनते हमें
हंसते मुसकुराते
बोली बानी
समझ तो लेते
लेकिन उससे
जुड़ नहीं पाते.

घर पर अकसर वे
हिन्दी बोलते बतियाते
भेजा भी उन्हें
हिन्दी माध्यम विद्यालय में
यह और बात कि
हिन्दी भी वहां हिन्दी में पूरी
पढ़ायी नहीं जाती.

इस होनहार समय
विकासमान देश में
सब कुछ कारगर
हो रहा अंग्रेजी में
नीति न्याय अनुसंधान
शिक्षण शासन प्रशासन
बाजार व्यापार प्रबंधन.

इसलिए वंचित निर्धन भी
पेट काट कर चाहते
पढ़ाना अपने बच्चों को
अंग्रेजी माध्यम से
कि आम और खास जगह पर
काबिज हो सकें
वर्चस्व उनका बने.

हिन्दी तो आती बाद में
मूल में कहां आभार की तरह
अकसर अनुवाद में
संवाद में भी कब
यदा कदा वाद विवाद में.

अकाम यानी
आजादी के अमृत
महोत्सव वर्ष के पार भी
नौकरी और रोजगार की
सामर्थ्य व अधिकार की
वरीय वरेण्य जुबान अंग्रेजी ही.

ऐसा है कि
काम और कामयाबी की
राह अंग्रेजी
तो पढ़ाई भी उसमें ही
करने से चाहिए थी
होनी आसानी
मुकाम पाने में सही
बल्कि चाकरी चल कर आनी
लाजिमी मिल जानी
पढ़ते-पढ़ते ही
अंग्रेजी में पढ़ रहे
पूर्ण समर्पितों के वास्ते.

पर मर मर कर पढ़ने वाले
जानते कि होड़ आपाधापी मारामारी
गलाकाट प्रतिस्पर्धा कितनी
अधिक पहले से
ढंग का कोई काम पाने में.

इस बीच अवतरित हुई
जो पीढ़ी सबसे नयी
वह दूर और भी
अपनी जड़ों से
और मिट्टी से
इतनी कि न बोली जानती
न पहचानती भाषा ही अपनी.

यह कितना अजब
कि नये जायों को अब
पालने से ही दी जा रही
मांबोली मातृभाषा मातृपय नहीं
वरन परभाषा की
संजीवन बूटी जीवन घुट्टी
कि जन्मना बनें सयाने.

शुरू से पाएं सहज अपनायें
परिवेश पराए
उपनिवेशवादियों साम्राज्यवादियों के
तौर तरीके.

इस महत आकांक्षा में संभवतः
कि शुरू से इस तरह
पराधीन संस्कार बसाने से
शासकों की गुदड़ी ओढ़ने बिछाने से.

घर तक चल कर
आ जायेगा बाजार
और काम का आगार
खुलेंगे अवसरों के द्वार
देहरी पर होगा संसार.

अंदेशा है तो यही
कि दुनिया हासिल करने
समूचे विश्व की आस में
हाथ से
निकल न जाये
देश कहीं...

## निर्भय सविनय अवज्ञा

हमारे आधिकारिक पन्नों में
चोर दरवाजे से
घुसी भाषा दूसरे पायदान की
जो बनने को आमादा पहली.

कोई कहे इसलिए
कि है वह विश्वभाषा
तो मैं करना चाहूंगा
निर्भय सविनय अवज्ञा.

पूरी दुनिया की भाषा तो है
( नहीं तो होनी चाहिए )
प्रेम और करुणा
और सच यह भी
कि वह अपनी सोंधी
मिट्टी की भाषा में जितनी
सच सपने और सोच सींचती
सारी दुनिया को राह दिखाती
उतनी किसी और में नहीं.

गयी सदी के
सन बयालीस में
जब नारा दिया हमने
' अंग्रेजो भारत छोड़ो '
तो क्या वह आह्वान
था केवल उनकी गोरी
ठठरी चमड़ी के लिए ही
कि बस वे
अपनी काया लिये
यहां से
चले जायें
छाया छोड़े अपनी हर जगह ?

यह प्रश्न इसलिए ज्वलन्त
क्योंकि भाषा समेत
और कई स्तरों पर उन्हें
जिंदा रखा हुआ हमने
अपने से अधिक और पहले
नित संरक्षित संपोषित
संवर्द्धित करते.

इसलिए नहीं
कि वह भाषा विश्व की
बल्कि इस कारण
कि अब तक वही
वाहक सत्ता व्यवस्था प्रभुता
और वर्चस्व की.

सर्वप्रेम और संवेदना की
भाषा अपनी हिन्दी

सब धाराओं
नदियों को सारी
और हृदय की
भाषाओं को सभी
जोड़ती जुड़ाती
सब तक पहुंचाती.

समाज देश और विश्व
पूरी मानवता
संपूर्ण प्रकृति प्राणीयता को
साथ लाती संग मिलाती
सिरजती सहेजती संभालती संवारती.

अपनी हिन्दी
सबकी हिन्दी

सबसे निराली
अमृतपय की
अक्षय प्याली...

## कविताएं

## मुझे हिंदी दिखाई देती है



वीना श्रीवास्तव



मैं हिंदी को देख सकती हूं

उन बच्चों की आंखों में
जो खिल उठती हैं
एक रोटी देखकर
लेकिन नहीं दिखाई देती
शिनचैन देखते हुए बच्चों की
गोल-गोल आंखों में.

मुझे हिंदी दिखाई देती है
बुरांश का शरबत पीती हुई
उस पहाड़न में
जो झुर्री वाले चेहरे से
लकीरों को गिनते हुए
बताती है अपने अनुभव
लेकिन नहीं दिखती
उन आंखों में
जिनके हाथों में होते हैं
व्हिस्की के गिलास.

मुझे हिंदी दिखाई देती है
पत्तल बनाती जमुनी के हाथों में
दातुन बेचती करमी के आंखों में
लेकिन नहीं दिखाई देती
सभ्यता की आधुनिकतम सीढ़ियां चढ़ती
तमाम समझौते के साथ
किसी भी कीमत पर आगे बढ़ने वाली
महिलाओं की आंखों में.

मुझे हिंदी दिखाई देती है
चुनाव से पहले
हाथ जोड़ कर वोट मांगने वाले
नेताओं की याचिका में
नहीं दिखाई देती
जीतने के बाद खुफिया हंसी वाले
हाथ जोड़े मंत्री के अंदाज में.

मुझे हिंदी दिखाई देती है
हृदय की अनंत गहराइयों में
जो मौन होकर भी
पढ़ लेती है गूंगे भावों को
मेरे सपनों की मचान
खिलती है हिंदी में
सोच की दुकान
पलती है हिंदी में
मेरी इंद्रियां जागृत होती हैं
केवल हिंदी में.

## हिंदी जन-जन की



डॉ माया प्रसाद

कहते हैं जिसको हम हिंदी
जन-जन की प्यारी बोली है,
ममता समता के भावों की
यह सुंदर सहज रंगोली है.
देसिल बयना में लिखी हुई यह
मैथिल कोकिल की बानी है.
तुलसी के मानस में संचित
रघुकुल की अमर कहानी है.
नाविक के तीरों से बेधक
दोहरे बिहारी के गुन लो.
जो कान पियासे हो मितवा
तुम घनानंद के पद सुन लो.
यह करधा दास कबीरे का
अनगिन संतों की टोली है.
कहते हैं जिसको हम हिंदी
जन-जन की प्यारी बोली है.
इस विजयी विश्व तिरंगे का
जयगान संजोती है हिंदी
गांधी-सुभाष के सपनों का
इतिहास संजोती है हिंदी.
आसेतु हिमालय तक फैली
हिंदी की वत्सल छाया है,
यह संविधान सम्मत भाषा
जनमानस का सरमाया है.
हितकारी गंगा जमुन सम है
सद्भावों की यह झोली है.


## हिन्दी चमक रही है



नीरज नीर

भारत के अंबर पर देखो
सूर्य सी हिन्दी चमक रही है,
भारती के सुंदर उपवन में
सुगंध बनकर महक रही है.
प्रांत-प्रांतर का सेतुबंधन
सरल, सर्वजन, सर्वप्रिय है
दक्षिण से उत्तर, पूर्व-पश्चिम
दम दम दम दम दमक रही है.
संस्कारों की वाहक हिन्दी
भाषाओं में है यह गंगा,
प्रगति पथ पर नित आरूढ़ है
नव ऊष्मा से चहक रही है.
मान लिया सम्पूर्ण विश्व ने
हिन्दी भाषा समर्थ सक्षम,
भारत के जन जन की प्यारी
उन्नति पथ पर अथक रही है.

## तब सुनो ओ हिन्दी



सारिका भूषण

जब करना पड़े
न कोई दिखावा
न हो बनावटीपन
न रहे कृत्रिमता
न रहे औपचारिकता
तुम्हारे अस्तित्व को लेकर
तब सुनो ओ हिन्दी!
तुम सहज ही
जन-मन में आ जाना.

जब करना पड़े
न कोई संघर्ष
भावी पीढ़ी स्वीकारे सहर्ष
पढ़े तुम्हारा इतिहास
गौरवपूर्ण रहा जो विकास
हर भाषा, हर साहित्य में
तुम शिरोधार्य बनो बिंदी
तब सुनो ओ हिन्दी!
तुम सहज जी
जन-मन में समा जाना.

जब करना पड़े
न कोई शोरगुल
संविधान में बजे बिगुल
राष्ट्र की बढ़े सुंदरता
माटी से जो तुम्हारा रिश्ता
पूरे विश्व, देश-प्रदेश में
तुम आवाज़ बन जब उठो
तब सुनो ओ हिन्दी!
तुम सहज ही
विजय पताका फहरा जाना.

## रिझाऊं कैसे ?



अनिता रश्मि

हिंदी की बिंदी
आज विश्व भाल पर
सज रही
चमक रही
चमचम, दमदम !
हैं तकते सब
बड़ी हसरत से
इसकी ओर.
जोड़ रही हिंदी
विदेश को
अपनी मधुरिमा औ
उदारता से
लेकर चलती
हर भाषा, बोली को भी
संग अपने,
खींच रही इसी
अपनेपन की डोर से
परायों को भी.
सुदूर विदेश से आया
एक हिंदी भक्त बुल्के
यूं ही नहीं कहता रहा
ताउम्र महारानी इसे,
दोनों के बीच
था रिश्ता अनोखा.
बस अपने ही रहते हैं
न जाने क्यों
रूठे-रूठे से
समझ नहीं पा रही
हिंदी की बिंदी,
उन्हें समझाऊं कैसे?
मनाऊं कैसे?
रिझाऊं कैसे?

## हिंदी हमारी पहचान




वीणा नंदिनी

लिखें हिंदी पढ़ें हिंदी उठाया देश को हिंदी.
सुनें हिंदी कहें हिंदी सजाया वेश को हिंदी.
चराचर सृष्टि में सम्मान है अविरल सदा इसको
करें संवाद भावों से लुभाया प्रदेश को हिंदी.
निछावर राष्ट्र पर करती चहकती नित्य धरणी में
सहोदर बन मचलती फिर बचाया कोश को हिंदी.
प्रभावित आज दुनिया फिर उड़ेले प्यार मोहित कर
समुंदर बन निखरती फिर निभाया जोश को हिंदी.
निरादर राज भाषा बन सहे निज भूमि में भाषा
सहायक बन खनकती अब अघाया वंश को हिंदी.
पुरातन काल से पहचान लोगों में सदा इसकी
कहे वीणा चहकती यूं भगाया क्लेश को हिंदी.



## बहता नीर



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

देवनागरी के दरिया का उछाल हिन्दी है,
मातृभूमि का चमकता ऊंचा भाल हिन्दी है.
संस्कृत की बेटी, सरल, सरिता, बहता नीर है,
मोतियों की वर्णमाला छंद ही जागीर है,
धूप, दीप, घंटी, आरती का थाल हिन्दी है,
सृष्टि का संगीत, होली का गुलाल हिन्दी है.
देवनागरी के दरिया का उछाल हिन्दी है,
मातृभूमि का चमकता ऊंचा भाल हिन्दी है.
कीर्तिमान हिन्दी के तिरंगे की उड़ानों में,
खेत के किसानों, सीमा पर डटे जवानों में,
गांव की गली में बच्चों का धमाल हिन्दी है,
नून - तेल, साग - भात, हल - कुदाल हिन्दी है.
देवनागरी के दरिया का उछाल हिन्दी है,
मातृभूमि का चमकता ऊंचा भाल हिन्दी है.
बोलूं सीना तान हिन्दी मेरा अभिमान है,
मुझे प्यारा हिंद देश हिन्दी मेरी जान है,
दिल में भावनाओं का उठा भुचाल हिन्दी है,
प्रेम, अमन, एकता की पुख्ता ढाल हिन्दी है.
देवनागरी के दरिया का उछाल हिन्दी है,
मातृभूमि का चमकता ऊंचा भाल हिन्दी है.


## अंग्रेज़ी भारत छोड़ो



चारुमित्रा

अंग्रेजी का दुशाला ओढ़कर
खड़ी है हिंदी
दुशाले की कशीदाकारी
आकर्षित करती है
वैसे ही
जैसे हिंदी में अंग्रेज़ी
का प्रयोग करनेवाले
अपनी वर्तनी की
शुद्धता पर इतराते हैं
लगता है अब
हिंदी को बचाने के लिए
"अंग्रेजों भारत छोड़ो" की तरह
"अंग्रेज़ी भारत छोड़ो" का
नारा लगाना पड़ेगा
हिन्दी की मातृसत्ता को बचाने के लिए
अंग्रेज़ी को भगाना पड़ेगा.

## हम हिंदुस्तानी



नंदा पाण्डेय

सीना ठोक कर कहते हैं
कि हम हिंदुस्तानी हैं फिर बोलने में हिंदी
क्यों हरदम शरमाते हैं कैसे भुल जाते हैं
कि हम हिंदुस्तानी हैं.
कर देते हैं हिंदी को रोगग्रस्त
मिलाकर उसमें अंग्रेजी
जीते हैं दोहरे व्यक्तित्व के साथ
और भूल जाते हैंकि हम हिंदुस्तानी हैं.
क्यों नहीं समझते कि
कैसे होगा उत्थान हिंद देश का
जब दुर्बल होगा इसका आधार
लेकर आज दृढ़ यह विश्वास
कि हिंदी ही है हमारा आधार
आओ हर हृदय में
हिंदी-प्रेम प्रज्वलित करें
हिंदुस्तान से प्रेम असीमित करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**ब्रीफ खबरें**

### आज यहां लगेंगे सरकार आपके द्वार के शिविर

**धनबाद ।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के निमित्त रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जाएगा. जिसमें टुण्डी में राजाभीठा, कलियासोल में पाथरकुंआ, निरसा में रंगामाटी, तोपचांची में मतारी, बाघमारा में रंगुनी एवं झींझीपहाड़ी, बलियापुर में करमाटांड़, एग्यारकुण्ड में मेढ़ा, एवं गोविंदपुर प्रखंड में दमकरा बरवा पंचायत में लगेंगे. वहीं नगर परिषद चिरकुण्डा अंतर्गत वार्ड संख्या 19 के आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाए जाएंगे.

### केजरीवाल के जेल से छूटने पर बांटी मिठाई

**धनबाद ।** आम आदमी पार्टी के केंद्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने की खुशी में, झरिया विधानसभा क्षेत्र के फुसबांग्ला में जावेद खान और बबलू व्यापारी के नेतृत्व में दुकानदारों और आमजनों को मिठाइयां खिलाकर खुशी मनाई गई. इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. जिनमें महेंद्र सिंह, मदन राम, सदरे आलम, डवलू अंसारी, हाफिज व्यापारी, जावेद खान, बबलू व्यापारी, मोहम्मद बाबू, पिंटू सिंह, संजय केसरी, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद कासिम, अजीज गोपाल, राजू नौशाद, फूटा बाबू, भाई लिली, तब्बू, कललू मुखिया, आमिर खान, छोटू आदि उपस्थित थे.

### बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल के गीतों के साथ झूमेगा धनबाद

**धनबाद ।** बॉलीवुड की प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर पलक मुच्छाल के गीतों पर धनबाद झूमेगा. 29 सितंबर को गोल्फ ग्राउंड में साहित्य विकास परिषद के कार्यक्रम में भाग लेने पलक धनबाद आ रही हैं. उनके साथ सिंगर पलाश मुच्छाल भी पहुंच रहे हैं. कार्यक्रम शाम में होगा. फिल्म एमएस धोनी का प्रसिद्ध गाना कौन तुम्हें यूं प्यार करेगा गाकर देश में पहचान बनाने वाली पलक का शो को लेकर तैयारियां चल रही हैं.

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव

## 16 को सुभाष चौक से श्रमिक चौक एवं बैंकमोड़ की तरफ 3 बजे तक बंद रहेगा परिचालन

**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद : सोमवार को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर धनबाद शहर के विभिन्न स्थानों से निकलने वाले जुलूस को देखते हुए धनबाद शहर के यातायात व्यवस्था मेंकई बदलाव किए गए हैं. राजगंज, बरवाअड्डा की ओर आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग मेमको मोड, सिटी सेन्टर, पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक होते हुए जायेंगे. पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे.निरसा, गोविन्दपुर, बलियापुर की ओर से आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक होते हुए जायेंगे, पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे. कतरास, पुटकी, केन्दुआडीह की ओर से आने वाले वाहन मटकुरिया चेकपोस्ट से धनसार चौक होते हुए हावड़ा मोटर से धनबाद रेलवे स्टेशन दक्षिणी छोर जाऐंगे एवं पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे. सिन्दरी, झरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चौक से हावड़ा मोटर से धनबाद रेलवे स्टेशन दक्षिणी छोर जाऐंगे एवं पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे. भूली. बिनोद बिहारी चौक के तरफ से आने वाले वाहन चन्द्रशेखर आजाद चौक बेकारबांध , सिटी, सेंटर- पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक होते हुए जायेंगे पुनः इसी रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे. सुभाष चौक से श्रमिक चौक एवं बैंकमोड़ की तरफ टोटो-ऑटो का परिचालन सुबह 08:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक जुलूस के दौरान बंद रहेगा.

**यात्री बसों का परिचालन मार्ग**

1. धनबाद शहर में सुबह 07 :00 बजे से संध्या 03 :00 बजे तक यात्री बस जो बरटांड बस स्टैंड से बाहर जाने के लिए खुलती है या बाहर से बरटांड बस स्टैंड में आती है या कोई भी यात्री बस सिटी सेंटर से बेकार बांध-पूजा टॉकिज-रेलवे स्टेशन-श्रमिक चौक-बैंकमोड़ की तरफ नहीं जाएगी अथवा आएगी. (1) धनबाद-बोकारो - रांची / रांची- बोकारो धनबाद मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री बस करकेन्द्र मोड राजू यादव स्मारक (लोयाबाद बाजार) सिजूआ नया मोड़ पाण्डेयडीह तेतुलमारी थाना शहीद शक्तिनाथ चौक विनोद बिहारी चौक बिरसा मुंडा पार्क मेमको मोड बरटांड बरा रटैंड (धनबाद) पहुंचेगी. जबकि सिन्दरी-झरिया होते हुए धनबाद आने वाली सभी यात्री वाहन इन्दिरा चौक झरिया कतरास मोड केन्दुआ करकेन्द्र मोड़ / करकेन्द्र मोड़ उपरांत राँची- बोकारो धनबाद मार्ग होते हुए चलेंगी.

### गोविंदपुर में निकलेगा जुलूस

**गोविंदपुर ।** धनबाद में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया जएगा. जिले में जगह-जगह जुलूस निकाले जायेंगे . गोविंदपुर में मिलाद उन नबी का जुलूस सोमवार को फकीरडीह, अमरपुर, गायडेहरा, कुरैशी नगर, मिल्लतनगर, कर्माटांड़ एवं बांधडीह में निकाला जाएगा । पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने शनिवार को उक्त गांव के गणमान्य लोगों को जुलूस के संबंध में कई दिशा निर्देश दिए। जिप सदस्य सोहराब अंसारी ने कहा कि सभी जुलूस अपने-अपने क्षेत्र में ही निकाले जाएंगे । कोई भी जुलूस किसी मंदिर के आगे नहीं जाएगा और न कहीं सड़क जाम किया जाएगा। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि इस दौरान सभी क्षेत्रों में पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर मोबिन अंसारी, अबुल हुसैन अंसारी, शमीम अंसारी, आसिफ अंसारी, वकील अंसारी, लतीफ अंसारी, जसीम अंसारी, मोकीम अंसारी, फुरकान अंसारी आदि मौजूद थे।

**न्यूज अपडेट**

### शहीद रणधीर वर्मा के प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन



**धनबाद।** धनबाद के जांबाज पुलिस अधीक्षक और अशोक-चक्र से सम्मानित शहीद रणधीर वर्मा के प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार के लिए आज भूमिपूजन किया गया। पंडित मुरलीधर शास्त्री ने रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर कुमार को पूजन संकल्प दिलाया।
इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डीएन प्रसाद, भाजपा के युवा नेता भृगुनाथ भगत, शिक्षाविद् राजीवनयन शर्मा, धीरज शर्मा, हरिशंकर शर्मा के साथ ही अनेक सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।
रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष कुमार ने बताया कि स्थानीय रणधीर वर्मा चौक पर प्रतिमा स्थल का ढ़ांचा कोई तीस साल पूर्व निर्मित हुआ था। अब उसका जीर्णोद्धार जरूरी हो गया है। शहीद रणधीर वर्मा की प्रतिमा पुरानी ही रहेगी। परन्तु, संपूर्ण ढ़ांचा नए सिरे से निर्मित होगा।

### लायंस क्लब ऑफ कतरास का चार्टर नाइट सह पदस्थापना समारोह



**कतरास।** लायंस क्लब ऑफ कतरास का चार्टर नाइट सह पांचवा पदस्थापना समारोह का आयोजन शुक्रवार की रात राजस्थानी समाज भवन कतरास में आयोजित किया गया. नई कमेटी में डॉ. बीएन चौधरी क्लब के अध्यक्ष, डॉ. स्वतंत्र कुमार सचिव और डॉ. रूद्रेश कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए. समारोह में क्लब के सभी नये पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ बीएन चौधरी ने कहा कि यह क्लब पिछले 5 वर्षों से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रहा है. पर्यावरण के क्षेत्र में स क्लब का विशेष योगदान है. साथ ही समय-समय पर क्लब की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है. मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, लायंस क्लब ऑफ कतरास के पूर्व अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर सिंह, श्रवण खेतान, संतोष जलान, शैलेश बर्मन, महेश अग्रवाल, विवेक सिन्हा, दीपक अग्रवाल, कृष्ण कन्हैया राय,कुमार चंदन समेत क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### नाले के ऊपर बिछाये गये स्लैब में अनियमितता का आरोप, न्यू स्टार क्लब के सदस्यों ने स्लैब को हटाया

**कुमारधुबी।** न्यू स्टार क्लब एग्यारकुंड के सदस्यों ने शिबलीबाड़ी मध्य के मुखिया द्वारा बनाये गए स्लैब पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया. इतना ही एग्यारकुंड पूजा पंडाल के समक्ष नाले के ऊपर शिबलिबाड़ी मध्य पंचायत के मुखिया पति संजय यादव एवं बाणी मंदिर क्लब के संयोजक अभिजीत घोष द्वारा बनाये गए सारे स्लैब को शनिवार को हटा दिया गया. मौके पर क्लब के अध्यक्ष मन्नू अधिकारी, अजय सिंह, बीरेंद्र गुप्ता, बबलू प्रसाद, संतोष कुमार, बासुदेव मुखर्जी, सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, अरमान सिंह, कुंदन शर्मा उपस्थित थे.

## बीसीसीएल प्रबंधन विस्थापितों को दे रहा धमकी : रागिनी सिंह

### बागडिगी कोलियरी के विस्थापितों से की मुलाकात



**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद। बीसीसीएल प्रबंधन बागडिगी कोलियरी के आस-पास स्थित बस्ती में रह रहे विस्थापितों को जबरदस्ती हटाना चाह रहा है, जिससे विस्थापितों में बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्याप्त है. विस्थापितों ने इसकी सूचना भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह को दी. सूचना मिलने पर रागिनी सिंह बागडिगी कोलियरी पहुंची और विस्थापितों से बातचीत की. बातचीत के बाद रागिनी सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन विस्थापितों से मनमानी कर रहा है. बस्ती में रह रहे विस्थापितों को जबरन हटाने पर आमादा है. बिना नोटिस दिए प्रबंधन डोजर और पुलिस जवानों को लेकर विस्थापितों को धमकी देने पहुंच जाते हैं. अब प्रबंधन की मनमानी चलने नहीं दी जाएगी. प्रबंधन विस्थापितों को पहले मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए, उसके बाद हटाया जाए. मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने पर विस्थापित नहीं हटेंगे. बातचीत के दौरान जनता श्रमिक संघ के मुद्रिका पासवान, रविकांत पासवान, बबलू पासवान समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे.

### भूली में दुर्गा पूजा कमिटी ने आयोजित किया अभिनंदन समारोह

# राज सिन्हा ने भूली में किया दो परियोजनाओं का शिलान्यास

**संवाददाता । धनबाद**

**भूली :** ए ब्लॉक दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा दुर्गा मंडप परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित थे। सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष अजित कुमार सिन्हा,सचिव मोनू पांडेय,कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी व अन्य सदस्यों ने धनबाद विधायक राज सिन्हा को फूल माला से सम्मानित किया। कमिटी के संरक्षक संकट मोचन पांडेय ने विधायक राज सिन्हा व मनोज मालाकार को चुनरी ओढ़ाकर अभिनंदन किया। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने दुर्गा मंदिर प्रांगण में चारदीवारी के कार्य का पंडित संटू पांडेय ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ नारियल फोड़ कर और ईंट गाड़ कर शिलान्यास किया। ए ब्लॉक मोड़ स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह भवन के जीर्णोद्धार का कार्य का भी विधायक राज सिन्हा ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भूली के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहा हूं। जब भी भूली के भाई बहनों ने बुलाया तो आया, जो भी समस्या बताई उसका समाधान किया। भूली की जनता ने अपना भरपूर स्नेह और समर्थन दिया है आगे भी मिलता रहे मां दुर्गा से प्रार्थना करता हूं। कार्यक्रम का संचालन संकट मोचन पांडेय ने किया। मौके पर मनोज मालाकार, श्रीनिवास सिंह, सतेंद्र ओझा, सुमन सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरज पासवान, संकटमोचन पांडेय, मनोज गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार, मानसरंजन पाल, पंकज सिंह, सतीश सिंह, बबलू सिंह, प्रयागराज रविदास, ऋषभ राज कश्यप के अलावे कमिटी के अजीत सिन्हा, गौतम पांडेय समेत अन्य उपस्थित थे।

**विद्यालय भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन**

**सिंदरी।** राजकीय उत्क्रमित प्लस टू स्कूल परसबनियां में शिक्षा विभाग की ओर से चार कमरों का भवन निर्माण को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया. भवन निर्माण कार्य सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है. परसबनियां पंचायत के मुखिया राजाराम रजक ने बताया कि 83 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण होना है. भूमि पूजन के अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य महेश कुमार साहू, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष गोपाल महतो, सुधीर महतो, सपन महतो, मंगल महतो, दिलीप दत्ता, महादेव बाउरी, माणिक चन्द्र कुंभकार, खमा कुमारी सहित ग्रामीण मौजूद थे.

## आसनसोल

### रानीगंज में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान बड़ा हादसा

# प्रत्यक्ष भवन गिरने से दो की मौत कई लोगों के मलबे में दबने की आशंका





**खास बातें**

- पुलिस , स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया

**संवाददाता । रानीगंज**

रानीगंज थाना के साहेबगंज रेल फाटक के पास रास्ता चौड़ीकरण कार्य के दौरान साहिबगंज के माइनिंग कॉलेज के परित्यक्त भवन का एक हिस्सा ढह गया। इसमें दबने से दो लोगों की मौत हो गई। दो शवों को निकाला गया और स्थानीय लोगों को आशंका है कि इसके नीचे कई लोग दबे हुए हैं। रानीगंज के साहेबगंज मोड़ से संलग्न राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 60 के किनारे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान परित्यक्त भवन की दीवार ढह गई। हादसे की सूचना मिलते ही रानीगंज थाने की पुलिस और स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ लोग वहां पर लोहा आदि चुन रहे थे, तभी यह घटना घटी। पुलिस प्रशासन की ओर से इस इलाके में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी संख्या में तैनात है। स्थानीय टीएमसी कांग्रेस नेता अशोक हेला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हम लोग घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों की मदद के लिए आए। प्रशासन की ओर से भी कार्रवाई शुरू की गई और जेसीबी आदि लगाकर बचाव कार्य शुरू किया गया, जिसमें से दो लोगों को निकाला गया। उन्होंने कहा कि अब तक के बचाव कार्य के बाद कोई भी और व्यक्ति इसमें नहीं मिला है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और कहा कि चोरी के दौरान सुरक्षा के दृष्टि से ध्यान नहीं दिया गया, अन्यथा इसकी घटना नहीं घटती। मृतकों में राजीव दास पुत्र दिलीप दास और एक अन्य व्यक्ति शामिल है, जो कठागादा का निवासी है। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

# एसिड अटैक के विरोध में भाजपा का विरोध मार्च

### सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग



**संवाददाता । पुरुलिया**

पुरुलिया में एक नाबालिग लड़की पर एसिड अटैक के विरोध में भाजपा ने विरोध मार्च निकाला और पुरुलिया जिले के पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने कहा कि पीड़िता के साथ एक माह पहले छेड़छाड़ हुई थी। फिर घटना में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को सुरक्षा नहीं दी, जिसके कारण बदमाशों ने 12 सितंबर को नाबालिग पर एसिड फेंककर हमला कर दिया। इस घटना के विरोध में भाजपा ने पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। विरोध मार्च में पुरुलिया बीजेपी सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, जिला बीजेपी अध्यक्ष विवेक रांगा और जिला बीजेपी उपाध्यक्ष गौतम रॉय सहित कई नेता मौजूद थे।

### गृहिणी की असामान्य मौत, हत्या का आरोप

**रानीगंज ।** अंडाल थाना क्षेत्र के प्योर जामबाद इलाके में शनिवार को एक गृहिणी की असामान्य मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। संगीता दास (25) की शादी अप्रैल 2024 में सौमित्र डे से हुई थी। परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से सौमित्र डे संगीता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। लड़की के पिता सोमनाथ दास ने बेटी की हत्या की शिकायत पति सौमित्र डे और घर वालों के खिलाफ दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि संगीता पर अपने पिता के घर से पैसे लाने का दबाव डाला जाता था। शनिवार की रात करीब 11 बजे संगीता का लटकता हुआ शव उसके ससुराल से बरामद किया गया।

### सड़क पर गोफ बनने से यातायात बंद

**पाण्डेश्वर:** लगातार बारिश के कारण दुर्गापुर फरीदपुर थाने के सामने सड़क पर गोफ नुमा धसांन होने से आवा-जाही बंद हो गई है। सड़क धसने के कारण पुलिस ने ट्रैफिक कंट्रोल करना शुरू कर दिया है। ईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि भारी बारिश के कारण जमीन की मिट्टी नरम होने के कारण यह समस्या हुई होगी। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि आसपास कोयला खदानें होने के कारण धसांन की आशंका है, लेकिन ईसीएल अधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में कोयले का खनन नहीं किया गया है और वे धसांन के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### लोक अदालत में 3485 मामलों का निपटारा

**पुरुलिया ।** पुरुलिया जिला जज कोर्ट में शनिवार को साल की तीसरी लोक अदालत आयोजित की गई। इस दौरान पुरुलिया जिला न्यायाधीश न्यायालय की 8 पीठों में 6460 मामले आए, जिनमें से 3163 मामलों का निपटारा किया गया और कुल 2,39,48,120 रुपये का अवार्ड दिया गया। रघुनाथपुर कोर्ट में कुल 961 मामले स्वीकृत किए गए, जिनमें से 322 मामलों का निपटारा किया गया और कुल 21,45,439 रुपये का फैसला सुनाया गया। जिले भर के 11 पीठों में कुल 7 हजार 421 मामले स्वीकार किए गए और कुल 3485 मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालतों का उद्देश्य लंबी मुकदमेबाजी से बचने के लिए अदालत के बाहर चर्चा के माध्यम से मामलों का निपटारा करना है। लोक अदालतों में प्री-लिटिगेशन, दुर्घटना से उत्पन्न विवाद, संज्ञेय अपराध सहित विभिन्न मामलों का निपटारा किया जा सकता है।

## आतंकवादी हमले की स्थिति में मॉक ड्रिल, बचाव कार्य संपन्न



**संवाददाता । मेजिया**

मेजिया थर्मल पावर स्टेशन (एमटीपीएस) के अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) भवन में आतंकवादी हमले की स्थिति में सीआईएसएफ और विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित संयुक्त मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए), मेडिकल सेवाएं, स्थानीय पुलिस और अग्नि सेवाएं शामिल थीं। मॉक ड्रिल के दौरान, आतंकवादी हमले के बाद बचाव कार्य शुरू किया गया। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी और बम विस्फोट के दौरान भवन में आग लग गई। इस स्थिति में बचाव दल ने अपनी तीव्र और संगठित कार्रवाई से सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में एजेंसियों के बीच समन्वय और प्रतिक्रिया की तैयारी का मूल्यांकन करना था। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी कमांडेंट श्री सोनू सिंह सिकरवार के नेतृत्व में किया गया यह अभ्यास विभिन्न एजेंसियों के बीच संपर्क और सहयोग को मजबूत करने में सफल रहा।

# ईसीएल ने हिंदी दिवस पर राजभाषा प्रतिज्ञा ली, हिन्दी में काम सरल

**संवाददाता । सांकतोड़िया**

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने हिंदी दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया, जिसमें निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) मो. अंज़र आलम और निदेशक (तकनीकी संचालन व योजना एवं परियोजना) श्री नीलाद्रि रॉय ने संबोधन दिया। समारोह में राजभाषा प्रतिज्ञा ली गई और हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत सफल कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) ने कहा कि हिंदी में काम करना आदत की बात है और तकनीक ने हिंदी में काम करना सरल बना दिया है। निदेशक (तकनीकी संचालन व योजना एवं परियोजना) ने कहा कि ईसीएल हिंदी में अच्छा काम कर रही है और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया है।



### पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ, आदिकर्ण फाउंडेशन ने किया रक्तदान, निशुल्क मेडिकल शिविर

**बराकर ।** सीतारामपुर टैगोर इंस्टीट्यूट प्रांगण में पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ सीतारामपुर शाखा और आदिकर्ण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान और निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल्टी के विधायक डॉ अजय पोद्दार उपस्थित थे। विधायक ने रक्तदान करने वाले रेल कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निशुल्क मेडिकल शिविर में 100 से अधिक लोगों ने अपना इलाज कराया। आसनसोल एच एल जी अस्पताल और आसनसोल जिला अस्पताल की ओर से ब्लड बैंक ने सहयोग किया। आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि बारिश के बावजूद रेल कर्मी और अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया।

### आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ जदयू ने की शिकायत

**बराकर ।** जनता दल यूनाइटेड के पश्चिम बंगाल राज्य इकाई के प्रधान सचिव सुभाष सिंह ने कोल इंडिया लिमिटेड साल्टलेक कोलकाता अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर एमएसआरए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ शिकायत की है। श्री सिंह ने पत्र में लिखा है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की दामागोड़ियां कोलियरी में 19.5 लाख टन कोयला का उत्पादन तथा ट्रांसपोर्टिंग करने का ठीका 151 करोड़ 19 लाख 81 हजार 773 रुपये में एमएसआरए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। इस ठेके की कुल राशि का 5% लगभग 7.5 करोड़ रुपया सिक्योरिटी मनी डिपॉजिट करने का आदेश दिया जाना चाहिए था, लेकिन कंपनी ने मात्र 2.5 करोड़ रुपया ही जमा करने का आदेश दिया है। उन्होंने आग्रह किया है कि तुरंत मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का आदेश पारित करें।

# मीनाक्षी ने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में जीता स्वर्ण पदक



**संवाददाता । रानीगंज**

मैथन अलॉयज लिमिटेड के सीएमडी सुभाष अग्रवाला ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा प्रायोजित बॉक्सर मीनाक्षी हुडा ने लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर हमारा नाम रोशन किया है। मीनाक्षी ने खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबले 5/0 से जीते हैं। यह प्रतियोगिता लखनऊ में 9 से 13 सितंबर तक चली। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर मीनाक्षी ने विश्व पुलिस चैंपियनशिप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है। मीनाक्षी ने स्वर्ण पदक का श्रेय आदरणीय श्री सुभाष अग्रवाला को दिया है, जिनकी मदद से वह अपने खेल उपकरण और आहार की व्यवस्था कर पा रही हैं।

